# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 14 जून 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 14 जून 2025



## RUNGTA R1

The Perfect Launchpad to Global Tech Giants like

Microsoft



**Sayan Karmarkar**

B.Tech. CSE 2026 Batch

Selected for Internship at Microsoft

## RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

- **20,000+** Global Alumni Footprint
- **250+** Recruiters Including Microsoft, Google, Amazon, & More
- **38 LPA** Highest Package by Amazon
- **6.5 LPA** Average Package
- **3000+** Students Placed in Session 2024-25
- **>90%** Placements Year on Years Basis
- **50+** Global Academic Alliances Including Google, Microsot, IBM, etc.
- **100+** Tieups for Internships
- **60+** Companies Participated in Placementnamaa Event

From Rungta to the World

## Placed Across the Globe

- Anirban S. – Senior Technical Program Manager, USA – Microsoft
- Sahil Sakhuja – SAP Performance Engineer, USA – Apple
- Chanchal Sahu – Senior Technical Program Manager, USA – Google
- Shashank Verma – Executive Director – Morgan Stanley
- Sitaram Panse – Program Lead Germany – Mercedes-Benz
- Navneet Mohta – Enterprise Lean Agile Coach – Boeing
- Ankita Gupta – Senior Software Engineer – JPMorganChase
- Navneet Singh Bhatia – Consulting Practice Manager Japan – Oracle Financial Services
- Manasi Jaggi – Product Manager – PayPal
- Khushboo Sahu – Senior Project Manager Arkansas, USA – Walmart

### School of Computer Sc. & Engineering - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- **B.Tech. CSE** in association with **Google** - BE110
- **B.Tech. CSE** Artifical Intelligence in association with **Google** - BE110
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **Google** - BE110
- **B.Tech. CSE** Data Science in association with **Google** - BE110
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **IBM** - BE110
- **B.Tech. CSE** Cyber Security in association with **EC Council** - BE110
- **B.Tech. CSE** Information Technology - BE110
- **M.Tech.** Computer Science & Engineering - ME110

### School of Management & Commerce - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- **BBA**
- **BBA** Global
- **BBA** Business Analytics in association with **IBM**
- **MBA** - MBA115
- **MBA** Global - MBA115
- **MBA** Business Analytics in association with **IBM** - MBA115
- **BBA MBA** (Integrated)
- **B.Com**

### School of Information Technology - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- **BCA** AI & ML in association with **Google**
- **BCA** Data Science in association with **Google**
- **BCA** Full Stack in association with **Google**
- **MCA** AI & ML in association with **Google** - MCA107
- **MCA** Data Science in association with **Google** - MCA107
- **MCA** Full Stack in association with **Google** - MCA107
- **BCA & MCA** (Integrated) - AI & ML in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Data Science in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Full Stack in association with **Google**
- **B.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **M.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **PGDCA**
- **DCA**

### School of Engineering & Technology - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- **B.Tech.** Civil Engineering - BE110
- **B.Tech.** Electrical Engineering - BE110
- **B.Tech.** Electronics & Telecommunication - BE110
- **B.Tech.** Mechanical Engineering - BE110
- **B.Tech.** Mining Engineering - BE110
- **M.Tech.** Structural Engineering - ME110
- **Diploma** Electrical Engineering - DE204
- **Diploma** Mechanical Engineering - DE204

### School of Life Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- **B.Sc.** - Biotechnology - Zoology / Botany
- **B.Sc.** - Forensic Science
- **B.Sc.** - Bio Informatics
- **M.Sc.** - Biotechnology
- **M.Sc.** - Bio Informatics

### School of Pharmacy - RIPER & RCPSR
NAAC-A Grade

- **B. Pharmacy** - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- **D. Pharmacy** - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- **M. Pharma** - Pharmaceutics - RCPSR - MPH106
- **M. Pharma** - Pharmacology - RCPSR - MPH106
- **B. Pharmacy** - Practice

### School of Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- **B.Sc.** - PCM
- **M.Sc.** - Maths
- **M.Sc.** - Physics
- **M.Sc.** - Chemistry

### School of Education - GDRCST
NAAC-A Grade

- **D.Ed.**
- **B.Ed.**
- **M.Ed.**

*Subject to Approval of Ordinances by CG Govt.

## Top Recruiters

Microsoft, Google, amazon, Deloitte., EY, J.P.Morgan, accenture, cognizant, Capgemini, tcs, SONY, SAP, AIS, IBM, virtusa, HEXAWARE, LTIMindtree, servicenow, Jio, Uber, CISCO, salesforce, Persistent, PayPal, Walmart, LUPIN, Dabur, SUN PHARMA, Dr.Reddy's, novo nordisk, IndianOil Adani Ventures, SAMSUNG, ESSAR, adani Power, Hewlett Packard Enterprise, Rolls-Royce, Fidelity, NVIDIA, Deutsche Bank, L&T, Honeywell, DAIKIN, DBS, Tech Mahindra, wipro, Mahindra, MRF, Alembic, Abbott, vivo, keka, Renault Nissan, TVS, gsk, Royal Enfield, Nestlé

**Admissions Open** +91 9016 11 3333

**Rungta Educational Campus,** Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

www.rungta.ac.in

Deepak Advertisers

*चमत्कार, अचंभा... जैसे शब्द आज अहमदाबाद विमान हादसे में एक मात्र जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश पर सच साबित हो रहे हैं। विश्वास कुमार रमेश एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई171 में थे। विश्वास कुमार रमेश बोइंग के विमान 787-8 ड्रीमलाइनर के सीट नंबर 11ए पर बैठे थे। हवाई सफर पर लगातार चलने वाले लोग बोइंग विमान में सीट नंबर 11-ए को नापसंदीदा सीट मानते हैं। अगर आप इतने बदकिस्मत हैं कि आपको यही सीट मिल जाती है यानी कि सीट नंबर 11-ए तो आप पाएंगे कि आप विमान के बीच में फंस गए हैं और आपको कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है।*

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश : इसी सीट की स्थिति की वजह से बचे विश्वास कुमार!**

# सीट नंबर-11 ए.. सबसे नापसंदीदा सीट साबित हुई सबसे लकी

## ज्यादातर यात्री बोइंग में 11-ए सीट को लेना नहीं करते हैं पसंद

### नापसंदगी की वजह

फ्लाइट संबंधी मुद्दों पर जानकारी देने वाली वेबसाइट यूनीलाटेक के अनुसार ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह सीट किसी सामान्य खिड़की के बगल में नहीं है, बल्कि वहां एक छोटी सी गोलाकार खिड़की है जिससे आप मुश्किल से ही बाहर देख सकते हैं। बोइंग की 737-800 विमानों में स्थिति और भी खराब होती है। यह विंडो सीट होते हुए भी बिना विंडो वाला सीट होता है। ऐसा विमान के एयर कंडीशनिंग सिस्टम के कारण होता है, जहां सीट 11ए के साथ-साथ एक डक्ट चलता है, जो खिड़की वाली जगह को ब्लॉक करता है। खिड़की से बाहर देखने की उम्मीद करने वाले यात्री जब यहां बैठते हैं तो यहां एक खाली दीवार पाकर निराश हो जाते हैं।



### अन्य विमानों में भी यात्री इससे बचते

*इसके अतिरिक्त कुछ विमानों में 11ए विमान के मध्य के पास होता है, जिससे भोजन परोसने और उतरने में देरी होती है, और पंख के ऊपर इसकी स्थिति का मतलब अधिक इंजन शोर और कम लेगरूम हो सकता है। रयानएयर इस समस्या से जूझती दिखती है। अलास्का एयरलाइंस जैसी अन्य एयरलाइनों के पास बोइंग 737 वेरिएंट पर समान स्थिति (जैसे, 9A-11ए) में खिड़की नहीं होती है। अमेरिकन एयरलाइंस के फ्लाइट अटेंडेंट बताते हैं कि सीट 11ए और 11F, जो दोनों ही विंडो सीट हैं, पर यात्री बैठने से बचते हैं, क्योंकि वे विमान से उतरने वाले आखिरी यात्री हो सकते हैं, क्योंकि यह सीट विमान के बीच में स्थित है। उन्होंने कहा, 'अगर आप जल्दी से बाहर निकलना चाहते हैं, तो हर कीमत पर पंक्ति 11 से बचें।' यही वजह है कि लोग इस सीट को नापसंद करते हैं। यही नापसंदीदा सीट विश्वास कुमार रमेश के लिए नई जिंदगी लेकर आई। ये आश्चर्य से कम नहीं है कि वे इस प्लेन हादसे के एकमात्र सर्वाइवर हैं। ब्रिटिश वेबसाइट जीबीएन न्यूज से बात करते हुए एविएशन विशेषज्ञ गॉय लिच ने अहमदाबाद की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस वाकये को याद कर उनके दिमाग में चमत्कार शब्द आता है*

### इकोनॉमी क्लास की पहली पंक्ति

गौरतलब है कि विश्वास कुमार रमेश अहमदाबाद-लंदन एआई171 उड़ान के बोइंग 787-8 विमान में थे। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। और विश्वास कुमार रमेश की सीट 11ए थी। '11ए' एअर इंडिया के B787-8 विमानों की इकोनॉमी क्लास की पहली पंक्ति की छह सीटों में से एक है। सीट मैप के अनुसार, यह आपातकालीन निकास द्वारों में से एक के पास की खिड़की वाली सीट है और साथ ही विमान के गली क्षेत्र में भी है। अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती विश्वास कुमार रमेश से शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना।

## वो हमें एक करोड़ दे रहे, मैं उन्हें 2 करोड़ दूंगी बस मेरे पापा वापस दे दो

'आप एक करोड़ देना चाहते हो, मैं आपको दो करोड़ दूंगी, बस मेरे पापा मुझे वापस कर दो।..' ये शब्द हैं फाल्गुनी के, उस बेटी के, जिसने अपने पिता को अहमदाबाद विमान हादसे में खो दिया। फाल्गुनी ने जब एक चैनल के सामने अपनी बात रखी तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। उसकी आवाज में क्रोध था, लाचारी थी, लेकिन सबसे अधिक था एक बेटी का प्रेम। फाल्गुनी सवाल पूछती हैं, कोई बता दे कि मेरे पापा की क्या गलती थी जो इस फ्लाइट में बैठे, मैं बेटी हूं, मुझे मेरे पापा वापस ला कर दो। एअर इंडिया क्या मजाक बना कर बैठी है, कोई जवाब नहीं, कोई संवेदना नहीं।

### हादसे में जान गंवाने वाले यात्री की बेटी का छलका दर्द



**पैसा नहीं चाहिए, पापा चाहिए** : रोते हुए फाल्गुनी ने कहा कि वह एक करोड़ देने की बात कर रहे हैं, मैं दो करोड़ दूंगी, लेकिन बदले में मेरे पापा वापस ला दो। क्या पैसे से इंसान खरीदे जा सकते हैं? फाल्गुनी आगे कहती हैं, हम उस पैसों से पलंग खरीद लेंगे, लेकिन उस पर नींद कैसे आएगी, जो सच्चा प्यार मेरे पापा मुझे देते थे, वो कहां मिलेगा।

## बैंक से लोन लेकर बेटी को भेज रहा था लंदन में पढ़ाने

### ऑटो चालक पिता की लुटी दुनिया



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने सैकड़ों जिंदगियां छीन लीं। वहीं सैकड़ों परिवारों के अरमान और खुशियां खाक हो गईं। इस हादसे में एक पिता और उनकी बेटी के सपने बिखर गए। बेटी पायल लंदन में पढ़ना चाहती थी। ऑटो चालक पिता ने उसके सपने को पूरा करने के लिए लोन लिया था। लेकिन हादसे में बेटी और उनके अरमान सब टूट गए। गुजरात के सांबरकांठा के रहने वाले सुरेश खटीक की बेटी पायल भी लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान में सवार थी। हादसे में सुरेश की बेटी पायल की भी मौत हुई है। सुरेश के रिश्तेदार अशोक खटीक ने बताया कि पायल के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। सुरेश खटीक लोडिंग रिक्शा चलाकर अपना गुजारा करते हैं। पायल छात्रों को ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का भरण-पोषण करती थी।

**अहमदाबाद हादसा : जाम ने बचाई भरूच की रहने वाली भूमि की जान**

# 'जब खबर सुनी तो मेरा शरीर कांप रहा था, मैं बात भी नहीं कर पा रही थी'

*एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे जिनमें से 241 लोगों की मौत हो गयी। फ्लाइट में सवार एकमात्र जीवित व्यक्ति भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक है और उसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने आखिरी मौके पर या तो टिकट कैंसिल करा दी थी या किसी कारण से उनकी फ्लाइट मिस हो गयी थी, अब वे लोग भगवान का शुक्रिया अदा करते नहीं थक रहे। गुजरात की भूमि चौहान उनमें से एक हैं।*

### 10 मिनट देरी से पहुंचने से हो गई थी फ्लाइट मिस

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के भरूच की रहने वाली भूमि चौहान की कल फ्लाइट एआई-171 मिस हो गई थी। वह ट्रैफिक की वजह से लेट हो गईं थीं। भूमि के पिता ने बताया, 'हम ट्रैफिक की वजह से एयरपोर्ट पर देरी से पहुंचे। हमने अनुरोध किया लेकिन उन्होंने हमें जाने नहीं दिया। जब हम एयरपोर्ट से बाहर आए तो हमें खबर मिली कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।' बातचीत के दौरान भूमि ने बताया, 'अहमदाबाद शहर में ट्रैफिक की वजह से मुझे देरी हुई। हम चेक-इन गेट पर 10 मिनट देरी से पहुंचे लेकिन उन्होंने मुझे परमिशन नहीं दी और मैं वापस लौट आई। जब मुझे पता चला कि फ्लाइट क्रैश हो गई है तो मैं पूरी तरह से स्तब्ध रह गई। मैं अपनी देवी मां का शुक्रिया अदा करती हूं कि मैं सुरक्षित हूं लेकिन यह घटना बेहद भयावह है।



### कुछ अच्छे कर्म रहे होंगे जो फ्लाइट मिस हुई

'भूमि ने हादसे के बारे में कहा, 'मैं एयरपोर्ट से घर के लिए वापस लौट रही थी, तो रास्ते में मुझे पता लगा कि जिस फ्लाइट में मैं बैठने वाली थी वही क्रैश हो गई है। मेरा शरीर कांप रहा था, मैं बात नहीं कर पा रही थी। जो कुछ भी हुआ है उसे सुनने के बाद मैं सन्न रह गई थी। मैंने सोचा कि मेरे कुछ अच्छे कर्म रहे होंगे जो मेरी फ्लाइट मिस हो गई और मेरी जान बच गई। लेकिन और लोगों के साथ जो हुआ है वह बहुत भयावह घटना है। इतने लोगों की जान चली गई। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह हादसे में जान गंवाने वालों की आत्मा को शांति दे।''हम अपनी बेटी की रक्षा के लिए देवी मां का शुक्रिया अदा करते हैं। उन्होंने अपना बच्चा मेरे पास छोड़ दिया और यह सब देवी मां के आशीर्वाद की वजह से है; उस बच्चे की वजह से वह मेरे साथ है।

### टिंबाडिया भी नहीं थक रहे हैं भगवान का शुक्रिया अदा करते

*ऐसे ही एक और शख्स सावजीभाई टिंबाडिया भगवान का शुक्रिया अदा करते नहीं थक रहे क्योंकि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान में न बैठने के उनके फैसले ने उनकी जान बचा ली। टिंबाडिया ने एक टेलीविजन चैनल से कहा, 'मैं अपने जीवन के लिए स्वामीनारायण का ऋणी हूं और मुझे बचाने के लिए सभी देवी-देवताओं का धन्यवाद करता हूं।' टिंबाडिया ने कहा, 'लंदन में रहने वाले मेरे बेटे ने पहले ही फ्लाइट की बुकिंग करा ली थी। मुझे भी एक सीट नंबर आवंटित किया गया था लेकिन मैंने अपनी यात्रा चार दिन के लिए टाल दी। मुझे नहीं पता था कि यह फैसला मेरी जान बचा लेगा। दुर्घटना के बाद, मेरे बेटे ने मुझे लंदन से फोन किया और बताया कि इस जीवन में मेरे अच्छे कर्मों ने मुझे बचा लिया।'*

## जिस बिल्डिंग से टकराया प्लेन वहीं खाना खा रहा था अक्षत

- हादसे में घायल अयोध्या के मेडिकल छात्र का चल रहा इलाज

गुजरात के अहमदाबाद में हुए भयावह प्लेन क्रैश हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस दिल दहला देने वा ली घटना में अयोध्या के हो न हा र मेडिकल छात्र अक्षत जायसवाल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। अक्षत अहमदाबाद के मशहूर बी.जे. मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र है, जिसकी बिल्डिंग पर एयर इंडिया का विमान पर गिरा था। दरअसल, 12 जून की दोपहर का वक्त था और अक्षत कॉलेज की मेस में दोस्तों संग भोजन कर रहा था। तभी आसमान से एयर इंडिया का प्लेन सीधे कॉलेज की इमारत से टकरा गया। इसके बाद तेज धमाका हुआ, अफरा-तफरी का माहौल हो गया, कुछ देर बाद अयोध्या का लाल अक्षत खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। अक्षत के सिर हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।



## इंदौर की हरप्रीत कौर और ग्वालियर के आर्यन की मौत

- हादसे में मरने वालों में दो मप्र के भी

**इंदौर/ग्वालियर।** प्लेन क्रैश में इंदौर की हरप्रीत कौर होरा की भी जान चली गई। वह पति से मिलने लंदन जा रही थी। वहीं, बीजे मेडिकल कॉलेज के जिन स्टूडेंट्स की मौत हुई है, उनमें ग्वालियर का आर्यन राजपूत भी था। आर्यन के परिवार को उसकी मौत की जानकारी नहीं है, सिर्फ पिता को पता है। इंदौर में राजमोहल्ला की रहने वाली हरप्रीत (30) मायके अहमदाबाद से लंदन जा रही थीं। उनका सीट नंबर 22 ई था। होरा परिवार की बहू हरप्रीत, अपने पति रॉबी होरा से मिलने लंदन जा रही थीं। रॉबी के चाचा राजेंद्र सिंह होरा ने बताया- रॉबी लंदन से इंदौर पहुंच गए हैं। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अहमदाबाद जाएंगे। हरप्रीत का मायका अहमदाबाद में है। वह लंदन जाने से पहले यहां अपने पिता से मिलने आई थीं।



हरप्रीत कौर | आर्यन राजपूत

## डेढ़ साल पहले मैंने भागवत को लिखा था पत्र, फिर रामलाल से हुई बात और संघ से आया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से लेकर अविभाजित मप्र और फिर केंद्र की सियासत के धुरंधर रहे वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री इन दिनों सियासी हलकों में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। वजह ये कि श्री नेताम को हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया और वे इसमें शरीक भी हुए। देश के हिंदी-अंग्रेजी मीडिया में इस कार्यक्रम को खास तवज्जो भी मिली, लेकिन अब भी ये सवाल कायम है कि अरविंद नेताम को संघ के कार्यक्रम में शामिल कराने वाला सेतु कौन बना।

इस सवाल का जवाब किसी और ने नहीं, बल्कि खुद श्री नेताम ने हरिभूमि से हुई विशेष बातचीत में दिया। श्री नेताम ने इस सवाल के जवाब में बताया कि अब से कोई डेढ़ साल पहले शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत की स्मृति में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मैंने संघ प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर आग्रह किया था। इस पत्र के जवाब में ये बात सामने आई कि संघ प्रमुख किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होते। उनके सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित और सुविचारित होते हैं। इसके बाद संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामलाल जब दिल्ली से रायपुर आए तो यहां उनसे मुलाकात और लंबी चर्चा हुई।

### मैं अभी भी सरप्राइज हूं, संघ ने मुझे कैसे आमंत्रित किया



### रायपुर में भागवत से हुई थी लंबी चर्चा

श्री नेताम ने बताया कि संघ से इस प्रकार संवाद के बीच कुछ महीना पहले मोहन भागवत का रायपुर आगमन हुआ था। इस दौरान उनसे लंबी मुलाकात रायपुर में हुई। इस दौरान बहुत सी बातें हुईं। मैंने उन्हें कन्वींस (सहमत) करने की कोशिश की। ये बताया कि आदिवासी समाज को लेकर आपकी समझ पर कुछ शंका है। हालांकि संघ सामाजिक समस्याओं पर गहन अध्ययन करता है, एकता, सामाजिक समरसता के लिए काम करता है, आपातकाल में भी संघ ने अपने वालेंटियरों के माध्यम से काम किया है। इस बातचीत के 2 माह बाद संकेत मिला कि संघ के कार्यक्रम उन्हें ( श्री नेताम) आमंत्रित किया जा सकता है।

### आसान नहीं है संघ के कार्यक्रम का न्योता

संघ के कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्री नेताम मानते हैं कि संघ के कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना कोई सामान्य मामला नहीं है। साल में दो बार ही प्रमुख कार्यक्रम होते हैं। इसी प्रकार के एक कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को आमंत्रित किया गया था। जाहिर है मुझे अपने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए संघ ने 6 महीना पहले तक विचार और चर्चा की। इसके साथ ही मेरी मेरिट भी देखी गई होगी, लेकिन मैं अब भी सरप्राइज हूं कि संघ ने मुझे कैसे आमंत्रित किया। बता दें नेताम कुछ समय के लिए भाजपा में भी रहे हैं।

### इसलिए संघ प्रमुख को लिखा था पत्र

अरविंद नेता मानते हैं कि कोई सामाजिक संस्था नहीं है जो सामाजिक मुद्दे पर गहराई से चिंतन करती हो। यह काम केवल संघ ही करता है, लेकिन साथ ही आदिवासी समाज को समझने को लेकर एक खालीपन (गैप) है। मेरी उनसे मुलाकात से ये गैप कम हो सकता है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा टला



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 16 जून को छत्तीसगढ़ आने का दौरा टल गया है। उनके आगमन को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन वृहद स्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ था। शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नक्सल ऑपरेशन में शामिल सुरक्षा बलों की हौसला अफजाई के लिए बस्तर भी जाने वाले थे। इस दौरान सुरक्षा जवानों से मुलाकात और सम्मान के साथ वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करते और कई कार्यक्रम में शामिल भी होते। उनके आगमन की अंतिम तैयारियों के बीच अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान क्रैश होने की बड़ी घटना हो गई। इसकी वजह से उनका छत्तीसगढ़ आने के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

## वायुसेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की हुई फिर इमरजेंसी लैंडिंग

### बोइंग कंपनी ही करती है इसका निर्माण



**चंडीगढ़।** भारतीय वायुसेना के M17 अपाचे हेलीकॉप्टर की शुक्रवार को पठानकोट के नंगलपुर इलाके में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि किसी तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर को एहतियातन लैंड कराया गया। इसमें किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। अपाचे हेलीकॉप्टर ने पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरी थी। इससे पहले 6 जून को भी इंडियन एयरफोर्स के एक अपाचे हेलीकॉप्टर की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। स्थानीय पुलिस ने एक बयान में कहा, 'पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को कथित तौर पर तकनीकी दिक्कतों के बाद खुले मैदान में एहतियातन उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।' अभी तक भारतीय वायुसेना की ओर से आपातकालीन लैंडिंग के कारणों के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशनल और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**इजरायली खुफिया एजेंसी ने 3 स्टेप में अंजाम दिया हमला**

## मोसाद ने ईरान में ही बना रखी थी ड्रोन फैक्ट्री

एजेंसी ▶▶| तेहरान

इजरायल ने शुक्रवार सुबह ऑपरेशन राइजिंग लायन लॉन्च करते हुए ईरान पर हमले किए हैं। इस ऑपरेशन में ईरान के परमाणु ठिकानों और ईरानी सैन्य अफसरों को निशाना बनाया गया। इजरायल की ओर से इस ऑपरेशन के लिए अपनी एयरफोर्स की पीठ थपथपाई जा रही है। हालांकि इस पूरे ऑपरेशन में मोसाद ने बेहद खास भूमिका निभाई है। मोसाद ने ही अपनी एयरफोर्स का रास्ता बनाने के लिए ईरानी मिसाइल क्षमताओं को कमजोर किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को बेअसर करने का काम किया। इसके लिए मोसाद ने तीन चरणों में ऑपरेशन किया। इजरायल के मोसाद ने ईरान के अंदर ही विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों को निशाना बनाया। मोसाद ने गुरुवार रात को इन ड्रोन को एक्टिव किया और ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। इजरायल ने यह ऑपरेशन कई वर्षों की खुफिया जानकारी, योजना और तकनीक के आधार पर किया। इसमें इजरायल को सफलता मिली और उसने ईरान को भारी नुकसान किया।

**नेतन्याहू का ऑपरेशन राइजिंग लायन**



### ऐसे चलाया ऑपरेशन

मोसाद के एजेंटों ने ये ऑपरेशन तीन चरणों में किया। पहले चरण में मोसाद कमांडो टीमों ने ईरान के सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल साइटों के पास खुले क्षेत्रों में ड्रोन प्रणालियों को तैनात किया। ये तब काम आए, जब इजरायल का व्यापक अभियान शुरू हुआ। इन प्रणालियों को इजरायली वायु सेना के हमलों के साथ तालमेल में सक्रिय किया गया। उन्होंने असाधारण सटीकता के साथ अपने लक्ष्यों को भेदने वाली मिसाइलें लॉन्च कीं। ऑपरेशन के दूसरे चरण में ईरान की हवाई सुरक्षा को बेअसर किया गया। मोसाद ने मोबाइल प्लेटफॉर्म पर लगे उन्नत हमलावर सिस्टम तैनात किए। इन इकाइयों ने सफलतापूर्वक ईरानी रक्षा प्रतिष्ठानों को खत्म कर दिया, जिससे इजरायली विमानों के लिए रास्ता खुल गया। इसके बाद तीसरे चरण में मोसाद ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन सुविधाओं में घुसपैठ करने के लिए पहले से स्थापित नेटवर्क का लाभ उठाया।

### ऐसे किया रास्ता साफ

*इजरायल ने जब ऑपरेशन शुरू किया तो एस्फहाजाबाद बेस के पास सतह से सतह पर मार करने वाले मिसाइल लांचर को निशाना बनाया। इस साइट को इजराइल के लिए एक बड़ा खतरा माना गया था। इससे इजरायली लड़ाकू विमानों का रास्ता साफ हो गया और उन्होंने टारगेट को निशाना बनाया और ईरान को नुकसान किया।*

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## महिला रिपोर्टरों के साथ हरिभूमि-आईएनएच की पड़ताल



## एसएसपी ने क्लब मालिकों से कहा-लड़कियों को फ्री एंट्री-ड्रिंक देना बंद करें, फरमान की धज्जियां

# मिला फ्री एंट्री और फ्री ड्रिंक का ऑफर

हरिभूमि से ललित राठोड़/ आईएनएच से मनीषा चौधरी की रिपोर्ट

इसकी जड़ में फ्री की शराब पिलाने का विषय भी आया। दरअसल मंगलवार, बुधवार को क्लब और बार में भीड़ कम रहती है। सप्ताहांत की तरह अन्य दिनों में भी लोगों की भीड़ जुटाने खास तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं। इसमें लड़कियों की फ्री एंट्री से लेकर उन्हें मुफ्त में शराब पिलाए जाने जैसी चीजें भी शामिल हैं, ताकि पब और बार में माहौल बने और अधिक से अधिक लोग आएं। मुख्यतः बुधवार को इस तरह के ऑफर दिए जाते हैं।

इसके बाद जिले के पुलिस कप्तान एसएसपी लाल उमेद सिंह ने आदेश जारी किया कि सभी पब, क्लब या बार में लड़कियों की फ्री एंट्री बैन की जाएगी। आदेश जारी किए जाने के बाद 11 जून को पहला बुधवार रहा, जब हरिभूमि और सहयोगी चैनल आईएनएच की टीम हालात जानने पहुंची। दो टीमें बनाई गईं। दोनों टीमें महिला रिपोर्टरों के साथ वीआईपी रोड, सिविल लाइन के क्लब और बार पहुंची। पड़ताल में सामने आया कि पुलिस का फरमान केवल फरमान बनकर रह गया है। नब्बे फीसदी क्लबों में आदेश बेअसर है। हां, दो तीन क्लब ऐसे भी मिले जहां कहा गया कि ऊपर से दबाव है इसलिए फ्री तो नहीं पिलाएंगे। कम पैसे देकर एंट्री दे सकते हैं। बाकी जगह... लड़कियों की एंट्री लगभग हर जगह फ्री रही। जहां शुल्क लिया जा रहा है, वहां यह पुरूषों की तुलना में 25 प्रतिशत ही था। यही नहीं अंदर जाने पर फ्री ड्रिंक भी ऑफर की गई।

बीते सप्ताह सोशल साइट्स पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। वीडियो महादेव घाट का था, जहां लड़के और लड़कियां आपस में मारपीट कर रहे थे। वीडियो वायरल हुआ तो जिले की पुलिस हरकत में आई और खोजबीन शुरू की। मालूम चला कि मारपीट कर रहे लड़के-लड़कियों के तार शराबखोरी और देह व्यापार से भी जुड़े हुए हैं। समाज में तीखी प्रतिक्रिया हुई। सामाजिक तानाबाना बिखर रहा है।

## आधे से ज्यादा क्लबों में अभी भी लड़कियों को एंट्री फ्री, कहीं फ्री ड्रिंक भी खुलेआम दिया जा रहा





### यहां आदेश का असर दिखा

### ऑन द रॉक्स, वीआईपी रोड
रात के 10 बजकर 55 मिनट, बुधवार

**रिपोर्टर**- मैम अंदर जाना है। एंट्री फीस कितनी है?
**लेडी बाउंसर**- 500 रुपए पे करने होंगे। पेमेंट करके आप जा सकती हैं।
**रिपोर्टर** - पिछले बुधवार तक तो फ्री थी एंट्री।
लेडी बाउंसर- हां, महादेव घाट में जो मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था, उसके बाद नियम बदले गए हैं। अब लड़कियों को फ्री एंट्री नहीं देते हैं। नॉमिनल चार्ज रखे गए हैं।
**रिपोर्टर** - लड़कों की एंट्री फीस कितनी है?
**लेडी बाउंसर**- 2000 रुपए देने होंगे।

### सीधी बात-एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह

*राजधानी के क्लब, पब, बार में युवतियों को मुफ्त ड्रिंक नहीं देने के निर्देश का उल्लंघन किया जा रहा है...?*
चेतावनी दी गई है...इसके बाद भी जो क्लब, बार, होटल मुफ्त ड्रिंक परोस रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

*वीआईपी रोड तथा नवा रायपुर में संचालित कई क्लब तथा होटल में बुधवार को रात साढ़े नौ बजे के बाद युवतियों को मुफ्त ड्रिंक परोसे जा रहे हैं...?*
अगर ऐसी कोई जानकारी है तो दीजिए कार्रवाई की जाएगी।

*रात दस के बाद क्लब, पब में डीजे के साथ तेज साउंड सिस्टम बजाए जा रहे हैं, उन पर भी किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही..?*
सबंधित थानों के टीआई को निर्देश देकर देर रात संचालित पब, बार में कार्रवाई करने निर्देश देता हूं।

### 'लेडिज नाइट' में फ्री टकीला शॉट्स

महानगरों की तर्ज पर रायपुर के क्लब और होटल में भी हर बुधवार को 'लेडिज नाइट' के नाम पर मिड वीक पार्टी का ट्रेंड चल रहा है। क्लबों में युवतियों को लुभाने के लिए फ्री एंट्री, कॉम्प्लीमेंट्री ड्रिंक्स और बड़े फूड कॉम्बो ऑफर खुलेआम दिए जा रहे हैं। महिलाओं की मौजूदगी होने के कारण पुरुष और युवक भी वीक डेज में क्लब पहुंचने लगे हैं। यही नहीं जो पहले क्लब या बार जा चुके हैं और उनके नंबर वहां दर्ज हैं, उन्हें एक दिन पहले मैसेज भी भेजे जा रहे हैं।

### लड़कियों को फ्री में एंट्री-ड्रिंक इसलिए

धंधा है पर गंदा यह है...की तर्ज पर लड़कियों को फ्री ड्रिंक का ऑफर वैसा ही है जैसा पहले जैसा किसी फ्री की चीज की आदत डालना और फिर जमकर पैसा वसूलना। दूसरा लड़कियां आमतौर पर अकेले नहीं जातीं, साथ में पुरुष साथी लेकर जाती हैं। इससे ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। एक दिन फ्री एंट्री और ड्रिंक देकर बाकी दिनों के लिए नए ग्राहक बनाए जाते हैं। इससे ग्राहकों की संख्या बढ़ती है और क्लब मालिकों की आमदनी।

### लड़कियों को मुफ्त में 4 पैग

शनिवार और रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में क्लब में लोग कम आते हैं और कमाई आधी हो जाती है। एंट्री फीस और फ्री ड्रिंक बैन संबंधित नए नियमों की जानकारी क्लब संचालकों को है, लेकिन बावजूद इसके वे महिलाओं को मुफ्त शराब परोसने से पीछे नहीं हट रहे। एक बीयर की कीमत क्लब में 600 रुपए से अधिक वसूली जाती है, लेकिन युवतियों को मुफ्त में 3 से 4 पैग तक शराब दी जा रही है। इसका मकसद माहौल को 'पार्टी टाइप' बनाए रखना और पुरुष ग्राहकों को आकर्षित करना है।

### रॉयल रिट्रीट, नवा रायपुर
समय -रात 8 बजकर 30 मिनट




**रिपोर्टर**- आज बुधवार है। लड़कियों के लिए फ्री ड्रिंक है ना?
**बाउंसर**- हां। आपको फ्री शराब मिल जाएगी। नाम और पता बता देंगे।
**रिपोर्टर**- फ्री ड्रिंक कब से मिलेगा?
क्लब कर्मचारी- 10 बजे के बाद पी सकते हैं।
**रिपोर्टर**- कितने पैग फ्री मिलेंगे। 2 तक मिल जाएगा?
क्लब कर्मचारी- आप चार पैक तक पी लीजिए कोई दिक्कत नहीं है।

### पियानो क्लब, जोरा रोड
रात 10 बजकर 35 मिनट



**रिपोर्टर**- आपके यहां बुधवार को फ्री ड्रिंक ऑफर चल रहा है ना?
**क्लब कर्मचारी**- अभी नया नियम आया है, लेकिन बात करके आपको दिलवा देती हूं।
**रिपोर्टर**- कितना पैग मिल जाएगा, बता दीजिए। हम फ्री ऑफर है इसलिए आए हैं।
**क्लब कर्मचारी**- मैं एक पैक आपको फ्री में दिलावा सकती हूं।

### लॉर्ड ऑफ ड्रिंक्स, ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड
रात 10 बजकर 10 मिनट, बुधवार

**रिपोर्टर** - पब-बार में जाना है। एंट्री फीस कितनी है?
**लेडी बाउंसर**- एंट्री फ्री है।
**रिपोर्टर** - कवर कैश देना होगा?
**लेडी बाउंसर**- नहीं सब फ्री है।
**रिपोर्टर**- कपल चार्ज? लड़कों की एंट्री फीस कितनी है?
**लेडी बाउंसर**- आज सबकी एंट्री फ्री है। आप रजिस्टर में अपना नाम और फोन नंबर लिख दीजिए। फिर अंदर जा सकती हैं।
**रिपोर्टर**- ओके। ये नंबर या जानकारी आप किसी से शेयर तो नहीं करेंगे ना?
**लेडी बाउंसर** - नहीं, नहीं।

### जूक रेस्त्रां एंड बार, वीआईपी रोड
बुधवार, रात 9.38 मिनट

**रिपोर्टर** - सर एंट्री चाहिए। मेरे दोस्त अंदर हैं।
**बाउंसर**- उन्हें बुला लीजिए।
**रिपोर्टर** - कॉल नहीं लग रहा है। आप चार्जेस बताइए, मैं पे कर दूंगी।
**बाउंसर**- एक हजार कवर कैश लगेगा।
**रिपोर्टर** - मतलब? लड़कों का चार्ज कितना है?
**बाउंसर** - कवर कैश का मतलब ये पैसे आप अंदर जाकर खर्च कर सकती हैं। एंट्री फ्री है। सिर्फ कवर कैश ही देना है। लड़कों को दो हजार देना होगा। एक हजार एंट्री फीस और एक हजार कवर कैश।
**रिपोर्टर** - मतलब मेरी एंट्री फ्री है। सिर्फ कवर कैश ही देना होगा।
बाउंसर- जी।

नोट- हरिभूमि के पास सभी बातचीत के ऑडियो-वीडियो मौजूद हैं।






# न्यूटन के पहले नियम को 300 सालों से गलत पढ़ती रही दुनिया, अब समझे वैज्ञानिक इसका असली मतलब



एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

17वीं सदी के आखिर में न्यूटन ने गति के नियम लिखे। मूल रूप से लैटिन भाषा में लिखे गए ये तीन नियम बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ये हमें बताते हैं कि ब्रह्मांड में वस्तुएं किस तरह से चलती है। न्यूटन का पहला और दूसरा नियम, लैटिन में लिखी गई 'प्रिंसिपिया मैथमेटिका' ( 1687) से थे। इसपर दुनिया भर में कई भाषाओं का अनुवाद हुआ और वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है कि अब तक हम इन नियमों को गलत समझते आए हैं।

### किसने पकड़ी गलती?

अमेरिका के वर्जीनिया टेक में लैंग्वेज और मैथमेटिक्स के फिलॉसफर, डेनियल होक का कहना है कि हम न्यूटन के गति के प्रथम नियम की सटीक व्याख्या शायद थोड़ी गलत कर रहे थे। उन्होंने न्यूटन की किताब 'लैटिन प्रिंसिपिया' के 1729 के अंग्रेजी अनुवाद में 'गलत अनुवाद' की खोज का दावा किया है।



### क्या है पहला नियम?

1729 के इस अनुवाद के आधार पर बहुत सारे शिक्षाविदों ने न्यूटन के पहले नियम को कुछ इस तरह समझाया है, कोई वस्तु तब तक सीधी रेखा में चलती रहेगी या स्थिर रहेगी, जब तक कि कोई बाहरी ताकत या फोर्स हस्तक्षेप न करे। सीधे-आसान शब्दों में कहें तो किसी चीज की स्थिति में तब तक बदलाव नहीं आएगा, जब तक उस पर बाहर से कोई बल ना लगाया जाए।

### कहां हुई गलती?

रिकॉर्ड्स पर फिर नजर डालने पर, होक को अहसास हुआ कि इस सामान्य व्याख्या में एक गलत व्याख्या थी, जो 1999 तक नजरअंदाज की गई। तब दो विद्वानों ने एक लैटिन शब्द 'क्वाटेनस' के अनुवाद को उठाया, जिसे अनदेखा कर दिया गया था, इसका अर्थ था 'अब तक', न कि जब तक। होक के अनुसार इससे सब कुछ बदल जाता है। यह बताने के बजाय कि अगर कोई वस्तु किसी बल के प्रभाव में न आए तो वह अपनी गति कैसे बनाए रखती है। होक कहते हैं कि नई खोज से पता चलता है कि न्यूटन का मतलब था कि किसी पिंड की गति में हर बदलाव - हर झटका, ढलान, मोड़ और उछाल - बाहरी बलों के कारण होता है।

## रोचक खबरें



### दुनिया की सबसे खतरनाक मशरूम, एक बार खाते ही खुल जाता है मौत का रास्ता

**नई दिल्ली।** मशरूम एक ऐसी सब्जी है, जिसमें कई प्रकार के पोषक-तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। वैसे क्या आप जानते हैं कि एक मशरूम ऐसा भी है, जिसे अगर खा लिया तो जिंदा बच पाना मुश्किल है। वेजिटेरियन हो या नॉन-वेजिटेरियन लोग हर कोई मशरूम की सब्जी पसंद करता है।वैज्ञानिकों की मान तो इसमें कई प्रकार के पोषक-तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।वैसे क्या आप जानते हैं कि एक मशरूम ऐसा भी है, जिसे अगर खा लिया तो जिंदा बच पाना मुश्किल है। वेजिटेरियन हो या नॉन-वेजिटेरियन लोग हर कोई मशरूम की सब्जी पसंद करता है।वैज्ञानिकों की मान तो इसमें कई प्रकार के पोषक-तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।वैसे क्या आप जानते हैं कि एक मशरूम ऐसा भी है, जिसे अगर खा लिया तो जिंदा बच पाना मुश्किल है। हम बात कर रहे हैं डेथ कैप मशरूम के बारे में, साधारण से दिखने वाला ये मशरूम अगर आपने गलती से भी खा लिया तो ना सिर्फ आपकी तबियत खराब होगी, बल्कि इसे खाने के बाद आपकी जान भी जा सकती है। हैरानी की बात तो ये है कि इन मशरूम को पहचान पाना काफी मुश्किल है क्योंकि ये दिखने में एकदम नॉर्मल मशरूम जैसे होते हैं, जिन्हें लोग धोखे में खा लेते हैं । वैज्ञानिकों के मुताबिक इस मशरूम के भीतर मशरूम में अमैटॉक्सिन नामक जहर पाया जाता है, जो इंसान के लिवर और किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। जो इंसान के लिवर और किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है, इसको खाने के बाद व्यक्ति को पेट दर्द, उल्टी, चक्कर जैसे परेशानी होने लगती है।

### सच में बात करने समंदर से बाहर आती है यह विशालकाय मछली

**वॉशिंगटन।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की 90 के दशक में एक मूवी आई थी जिसका नाम था 'अजूबा'। इस मूवी में अमिताभ बच्चन से जब एक महिला कहती है कि मुझे तुम्हारी मां से मिलना है तो अमिताभ बच्चन उन्हें समंदर के किनारे लेकर जाते हैं। वहां पर वो मां कहकर पुकारते हैं और फिर समंदर से मछली निकलकर आती है। जिससे वो बात करते हैं और अपना दुख बांटते हैं। बातचीत का ये अंदाज लोगों को काफी पसंद आया था। मूवी का सीन अब हकीकत में तब्दील होने जा रहा है। क्योंकि सीईटीआई संस्थान के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि व्हेल मछली सालों से इंसानों से संवाद करने की कोशिश कर रही हैं। जिस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।सीईटीआई के चौंकाने वाले खुलासे से लोग दंग हो गए हैं। इससे पहले वैज्ञानिकों को लगता था कि व्हेल भोजन के लिए बबल रिंग बनाती हैं या फिर अपने साथियों को लुभाने के लिए ऐसा करती हैं, हालांकि अब शोधकर्ताओं ने पाया कि व्हेल इंसानों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ऐसा करती हैं और वो लोगों से संवाद करना चाहती हैं। रिंग का इस्तेमाल वो हाय बोलने के लिए करतीं हैं। व्हेल मछली ये काम सदियों से कर रही हैं। इसे देखते हुए सीईटीआई की टीम ने 2019 से लेकर 2023 तक 11 अलग-अलग हंपबैक व्हेल के 12 बबल रिंग का अध्ययन किया। जबकि शोध जहाजों और व्हेल-वॉचिंग को 39 बुलबुले नावों और तैराकों के पास मिले। जब इनका अध्ययन किया गया तो पता चला कि वो नावों का पीछा हमले के इरादे से नहीं, बल्कि उनसे बात करने के लिए करती हैं।



### अचानक आसमान से गिरा बेबी शार्क, देखकर खौफ में आए लोग

**लंदन।** अगर किसी मैदान कोई समुद्री जानवर आसमान से टपक कर गिर जाए तो आपको क्या लगेगा? अगर यह जीव एक छोटी शार्क हो तो? पहले तो शायद किसी को समझ में ही नहीं आएगा कि हो क्या रहा है।फिर यह भी लग सकता है कि आसमान से कहीं इन जीवों की बारिश तो नहीं हो रही है? आप आसपास देखेंगे कि कहीं ऐसा चारों तरफ हो रहा है या नहीं। इस तरह की हैरान करने वाली घटना दक्षिण कैरोलिना के मिर्टल बीच पर देखने को मिली है। वहां एक गोल्फ कोर्स पर एक छोटी हैमर्ड शार्क अचानक जमीन पर गिरी। जिसने हर किसी को पूरी तरह खौफ में ला दिया। लेकिन, यह कोई फिल्मी नज़ारा नहीं था। यह असल में हुआ था। एक चश्मदीद गवाह, जोनाथन मार्लो ने कहा, 'हम विश्वास नहीं कर पाए। हम बार-बार पूछ रहे थे, क्या यह सचमुच हुआ?' यह घटना शार्कनाडो फिल्म की तरह लगती है। इस फिल्म में तूफान शार्क को आसमान में उठाकर शहर में गिराते हैं। लेकि, इस गोल्फ कोर्स में ऐसा नहीं हुआ। इस घटना का कारण एक ओस्प्रे पक्षी था। यह पक्षी पानी में गोता लगाकर मछली पकड़ता है। इसके नुकीले पंजे मछली को आसानी से पकड़ लेते हैं। लेकिन, इस बार उसने गलती से एक छोटी हथौड़ा शार्क पकड़ ली। जोनाथन मार्लो ने बताया कि उन्होंने देखा कि दो कौए ओस्प्रे का पीछा कर रहे थे। ओस्प्रे एक पेड़ पर बैठा। तभी उसने शार्क को नीचे गिरा दिया। सबसे खास बात ये रही कि शार्क समुद्र से कम से कम 800 मीटर दूर थी। इस वजह से यह घटना और भी अनोखी हो जाती है। मार्लो ने कहा, ओस्प्रे को मछली ले जाते देखना आम है। लेकिन यह देखना वाकई रोमांचक था।



# 1982 जैसा हो जाता चमत्कार तो बच जाती एयर इंडिया में सवार 241 लोगों की जानें!

**काश! आसमान से गिरता वो विमान ज़मीन पर रुक जाता तो आज 241 परिवारों के घरों में मातम नहीं होता। जब ब्रिटेन में एक बार एक फ्लाइट ने इंजन फेल होने के बावजूद गोल्फ कोर्स पर इमरजेंसी लैंडिंग कर दी थी, तब दुनिया ने उसे चमत्कार कहा था। उसी जैसी परिस्थिति अब अहमदाबाद में भी थी लेकिन इस बार कुदरत ने शायद हाथ खींच लिया।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जकार्ता से जाता हुआ बोइंग 747 इंडोनेशिया में ज्वालामुखी (माउंट गलुंगगुंग) की राख के बादल में घुस गया। राख ने इंजनों को चोक कर दिया और चारों इंजन एक-एक करकर बंद हो गए! विमान 37,000 फीट से नियंत्रण खोकर गिरने लगा. जैसे ही विमान राख के बादल से बाहर निकला, चालक दल ने क्रम से तीन इंजन दोबारा स्टार्ट कर लिए! उन्होंने जकार्ता में आपातकालीन लैंडिंग की। सभी 263 लोग सुरक्षित रहे. यह क्रू की शांत छमता और तकनीकी भाग्य का कमाल था। सोचिए, आप 37,000 फीट ऊपर उड़ रहे हैं, और अचानक विमान के सारे इंजन बंद हो जाएं, नीचे सिर्फ समंदर और पहाड़. डरावना, ना? यही हुआ 1982 में ब्रिटिश एयरवेज फ्लाइट 9 के साथ, जब ज्वालामुखी की राख ने इसके चारों इंजन चोक कर दिए। फिर भी, 263 लोग जिंदा बचे! लेकिन, 12 जून 2025 को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 का हादसा हमें हवाई हादसों की भयानक हकीकत फिर से दिखाता है।



### क्या अहमदाबाद में भी पायलट चमत्कार कर सकता था?

अब अहमदाबाद की बात। 12 जून 2025 को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 1717, अहमदाबाद से लंदन जा रही थी, टेकऑफ के पांच मिनट बाद मेघनी नगर में क्रैश हो गई. बोइंग 787-8 में 225 यात्री और 17 क्रू मेंबर्स थे, जिनमें पूर्व गुजरात सीएम विजय रूपाणी भी शामिल थे। विमान सिर्फ 625 फीट ऊंचा गया और फिर तेजी से नीचे गिरा। फ्लाइटराडर 24 के मुताबिक, सिग्नल टूट गया।

### दोनों मामले में क्या अलग-अलग हैं?

जांच में पता चला कि ब्रिटिश एयरवेज के हादसे की वजह ज्वालामुखी राख थी, जो इंजनों में घुसकर गल गई। अहमदाबाद हादसे की वजह अभी साफ नहीं, लेकिन भरा हुआ ईंधन आग को और बड़ा बना सकता था। डीजीसीए और एएआईबी जांच कर रहे हैं। ब्रिटिश एयरवेज फ्लाइट 9 ने ज्वालामुखी राख के खतरों को दुनिया के सामने लाया. इसके बाद रडार सिस्टम बेहतर हुए, और हवाई रास्ते बदल गए।

### क्या अहमदाबाद हादसा टाला जा सकता था?

कप्तान एरिक मूडी ने शांत रहते हुए मेडे कॉल की और विमान को जकार्ता की ओर मोड़ा। उन्होंने यात्रियों से कहा, दोस्तों, आपका कप्तान बोल रहा है। हमारी थोड़ी सीमा है। सारे इंजन बंद हैं। हम उन्हें फिर से शुरू करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है, आप ज्यादा परेशान नहीं हैं। विमान बिना इंजन के नीचे गिर रहा था। क्रू ने बार-बार इंजन शुरू करने की कोशिश की। राख की वजह से इंजन गल गए थे, लेकिन जैसे ही विमान 13,000 फीट पर बादल से बाहर निकला, ठंडी हवा में राख टूटने लगी। एक-एक करके तीन इंजन फिर चल पड़े। चौथा इंजन दोबारा बंद हो गया, लेकिन तीन इंजनों के साथ क्रू ने जकार्ता के हलिम एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग की। विमान की विंडस्क्रीन खराश से धुंधली थी, और लैंडिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा था। फिर भी, कप्तान मूडी की हिम्मत ने सबको बचा लिया।

## मेकअप आर्टिस्ट की धोखेबाजी, बदल दिया लड़की का हुलिया, पहचान पाना मुश्किल!

**सुल्तानपुर।** आजकल शादियों में ब्राइडल मेकअप के नाम पर मेकअप आर्टिस्ट जो कर रहे हैं, उसे धोखेबाजी से कम नहीं कहेंगे. वो लड़कियों का पूरा हुलिया ही बदल देते हैं, जिसकी वजह से शादी की तस्वीरों में और असल जिंदगी में लड़कियों को पहचान पाना लगभग नामुमकिन होता है। हर लड़की खूबसूरत होती है, उसकी अपनी पहचान होती है, अपना सौंदर्य होता है। अपने पसंदीदा पुरुष की नजर में वो किसी परी से कम नहीं होतीऐसे में किसी भी लड़की का हुलिया शादी वाले दिन बदलना, उसकी पहचान को बदलने जैसा है।हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक मेकअप आर्टिस्ट ने ऐसा ही किया. उसने एक दुल्हन को बिल्कुल अलग पहचान दे दी। हालांकि, इस वीडियो को देखकर लोग दुल्हन का मजाक बना रहे हैं और इस बदलाव को देखकर कह रहे हैं- 'पूरा मर्द समाज डरा है!' वो इसलिए क्योंकि मेकअप के बाद लड़की कुछ और है और उससे पहले कुछ और! इंस्टाग्राम यूजर पूनम विश्वकर्मा एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। सुल्तानपुर में उनका मेकअप स्टूडियो है, वो दुल्हनों और मॉडलों को सजाकर उनके वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में उन्होंने एक लड़की का वीडियो डाला, जो दुल्हन लग रही है।





## प्लेन की कौन सी सीट होती है सबसे सुरक्षित जहां बैठने से बच सकती है यात्रियों की जान?

**नई दिल्ली।** यह जानना दिलचस्प है कि जब हम फ्लाइट की सीट बुक करते हैं, तो आमतौर पर हम इस पर ध्यान देते हैं कि चढ़ने-उतरने में आसानी हो या सफर आरामदायक हो, लेकिन एक रिसर्च के अनुसार, विमान में कुछ सीटें अन्य सीटों की तुलना में ज़्यादा सुरक्षित मानी जाती हैं और आश्चर्य की बात यह है कि ये सीटें अक्सर सस्ती भी होती हैं। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड , अमेरिका ने 1971 से अब तक हुई 20 विमान दुर्घटनाओं का अध्ययन किया, जिनमें यात्रियों की मौत और कुछ की जान बची थी। इस अध्ययन से पता चला कि जो यात्री विमान के पिछले हिस्से में बैठे थे, उनके ज़िंदा बचने की संभावना 69% थी। वहीं, विमान के आगे बैठे यात्रियों की बचने की संभावना सिर्फ़ 49% पाई गई।

### ये सीटें होती हैं सबसे सुरक्षित

एक पत्रिका ने भी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के डेटा का विश्लेषण किया, जिसमें 1985 से 2000 के बीच हुई ऐसी दुर्घटनाओं को शामिल किया गया जिनमें कुछ लोग बचे थे और कुछ की मौत हुई थी। इस अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला कि विमान का पिछला हिस्सा तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित है। इसके अलावा, बीच की सीटें अधिक सुरक्षित पाई गईं।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग • सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी चक्कर की जाँच एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments • टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज (Hearing Aids) सुनाई मशीन

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## इजरायल का बड़ा प्रहार

बम, मिसाइल, ड्रोन, फाइटर जेट से इजरायल ने मचाई तबाही, ईरान बौखलाया

### ईरान पर 5 फेज में किए गए हमले

| पहला हमला | दूसरा हमला | तीसरा हमला | चौथा हमला | पांचवां हमला |
|---|---|---|---|---|
| ईरानी शासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर | ईरान के टॉप परमाणु वैज्ञानिकों पर | नतांज परमाणु केंद्र और तेहरान में | पश्चिमी ईरान में बैलिस्टिक मिसाइल से | दोबारा पश्चिमी ईरान में परमाणु ठिकानों पर |

# ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला



## 20 सैन्य कमांडर, 6 वैज्ञानिक सहित 104 लोग मारे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में इजरायल ने शुक्रवार तड़के बम, मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इस हमले में ईरान के 20 टॉप सैन्य कमांडर समेत कई बड़े परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। ईरान तत्काल कम से कम 100 ड्रोनों से उस पर हमला भी कर दिया लेकिन इजरायल ने सभी ड्रोन को मार गिराया। इधर, ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि डील साइन करो वरना ऐसे हमले होते रहेंगे। वहीं, ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि इजरायल में ऐसी तबाही मचाएंगे जिसे उसकी पीढ़ियां याद रखेंगी।

### मारे गए टॉप के छह परमाणु वैज्ञानिक



ईरान की न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली हमले में छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। मारे गए वैज्ञानिकों के नाम हैं- अब्दुलहामिद मिनोचेहर, अहमदरेजा जोलफगारी, सैय्यद अमीरहोसैन फकी, मोत्ला बिजादेह, मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फेरेयदौन अब्बासी।

### जनरल सलामी सहित मारे गए तीन टॉप जनरल

इजरायल ने ईरान के एएफआर गार्ड कॉर्प्स के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी की एयरस्ट्राइक में मार गिराया है। ईरान के आर्म्ड फोर्सेस के प्रमुख मोहम्मद बघेरी की भी हत्या कर दी है।

### तस्करी से ईरान पहुंचाए हथियार

इजरायली अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि ईरान पर हमलों से पहले उन्होंने सीक्रेट तरीके से ड्रोन और हथियार ईरान में तस्करी के जरिये पहुंचा दिए थे और समय आते ही उनसे हमला किया है। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है, जब इजराइल के ताजा हमलों ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है। इजरायली मीडिया के मुताबिक ईरान पर 5 फेज में हमले किए गए।

### डील नहीं की तो हमले और कठोर होंगे : ट्रंप



इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर लिखा कि मैंने ईरान को बार-बार समझौते के मौके दिए। सख्त शब्दों में समझाया कि डील कर लो, लेकिन वो कर नहीं पाए। ईरान के कट्टर नेताओं ने पहले बहादुरी दिखाई, लेकिन वे अब सब मारे जा चुके हैं, और यह सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अगर अब भी समझौता नहीं हुआ तो अगले हमले और ज्यादा खतरनाक होंगे।

### ऐसा हमला करेंगे कि इजरायल रखेगा याद: ईरान



ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा इजरायल को चेतावनी दी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया इतनी भयानक होगी कि इजरायल अफसोस करेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल पर अब जो तबाही बरसेगी उसको इजरायल की कई पीढ़ियां याद रखेंगी। ईरानी राष्ट्रपति ने ईरान के लोगों से अपने नेतृत्व पर भरोसा करने और उनके साथ खड़े होने का भी आग्रह किया।

### इजरायल का दावा बड़ी तबाही मचाई



इजरायल के राष्ट्रपति नेतन्याहू ने कहा हमले में मारे गए लोगों में कम से कम 20 वरिष्ठ ईरानी कमांडर, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख और एयरोस्पेस फोर्स कमांडर अमीर अली हाजीजादेह भी शामिल हैं। वहीं,ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि तेहरान पर इजरायली हवाई हमलों में 78 लोग मारे गए, 329 घायल हुए हैं।

### इन वैज्ञानिकों की मौत का असर

इन छह वैज्ञानिकों की मौत से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गहरा नुकसान पहुंचा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरेनियम संवर्धन और रिएक्टर डिजाइन में देरी हो सकती है। परमाणु हथियार विकास में शामिल विशेषज्ञों की कमी से ईरान की थ्रेशहोल्ड स्थिति कमजोर हो सकती है। नए वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित करने में समय लगेगा, जो ईरान को 1-2 साल पीछे धकेल सकता है।

### इजरायली हमला परमाणु आतंकवाद

ईरान ने इस हमले को परमाणु आतंकवाद करार दिया है। इजराइल व अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उसने संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है।

---

**कवासी लखमा के विधायक कालोनी तथा उनके बेटे के सुकमा स्थित बंगले को ईडी ने किया सीज**

# शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई
# सुकमा कांग्रेस भवन सीज, सियासी बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा तथा उनके बेटे हरीश कवासी की 6 करोड़ 15 लाख 75 हजार रुपए की अचल संपत्ति ईडी ने अटैच की है। बड़ी बात यह है कि जिन तीन संपत्तियों को ईडी ने अटैच किया है, उनमें सुकमा स्थित कांग्रेस भवन की बिल्डिंग भी शामिल है।

संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर हेमंत के निर्देश पर की गई है। डिप्टी डायरेक्टर ने संपत्ति अटैच करने दो दिन पूर्व 11 जून को आदेश जारी किया है। शराब घोटालो में आरोपी बनाए गए कवासी लखमा की जिन संपत्तियों को अटैच ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पहली बार किसी पार्टी कार्यालय को ईडी ने किया अटैच

मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अब तक जितनी भी संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की, उनमें व्यक्तिगत संपत्ति शामिल है। देश में यह पहला मामला है, राज्य में हुए शाराब घोटाला मामले में ईडी ने किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यालय को अटैच किया है। सुकमा के कांग्रेस कार्यालय को अटैच करने की कार्रवाई से आने वाले दिनों में राजनीतिक विवाद बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई : अरुण साव, उप मुख्यमंत्री

सुकमा में ईडी द्वारा कांग्रेस भवन अटैचमेंट को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बयान जारी करते हुए कहा कि ईडी ने तथ्यों तथा साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की है। ईडी ने दस्तावेज पेश करने का पूरा मौका दिया। श्री साव के ▶▶|शेष पेज 5 पर



### केंद्रीय एजेंसी भाजपा के इशारे पर काम कर रही : दीपक बैज

शराब घोटाला मामले में सुकमा स्थित कांग्रेस भवन तथा अन्य संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय एजेंसी भाजपा के इशारों पर काम कर रही है, यह घोर आपत्तिजनक है। श्री बैज के अनुसार सुकमा के कांग्रेस भवन अटैच करने की जानकारी उन्हें ई-मेल के माध्यम से मिली है। ईडी ने कांग्रेस कार्यालय की जितनी डिटेल मांगी थी, उन्हें पूर्व में उपलब्ध करा दी गई है। पीसीसी अध्यक्ष ने सुकमा कांग्रेस कार्यालय को कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनना बताया।

### कवासी पर घोटाले का अहम किरदार होने का आरोप

ईडी ने शराब घोटाले को लेकर पूर्व में कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें कवासी लखमा को शराब घोटाला सिंडिकेट का अहम किरदार होने का आरोप लगाया है। पूर्व आबकारी मंत्री पर आरोप लगाए गए हैं कि उन्हें वर्ष 2019 से 2022 के बीच घोटाले से प्राप्त आय में से हर माह डेढ़ करोड़ रुपए मिलते थे। कवासी लखमा शराब घोटाला के आरोप में जनवरी में गिरफ्तार किए गए थे, तब से वे न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। शराब घोटाला की जानकारी होने के बाद भी कवासी लखमा के खिलाफ शराब खरीदी-बिक्री के अवैध और अनधिकृत संचालन को रोकने किसी तरह के प्रयास नहीं करने के आरोप हैं। साथ ही नीति परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के उन पर आरोप हैं, जिसके कारण राज्य में एफएल-10ए लाइसेंस की शुरुआत हुई। सरकार के एफएल-10ए लाइसेंस ने लाइसेंस धारकों को विदेशी शराब क्षेत्र में कमाई करने की अनुमति दी।

---

## नीली बत्ती वाले वाहन के बोनट पर बैठकर डीएसपी की पत्नी ने मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

नीली बत्ती कार के बोनट पर बैठकर जन्मदिन मनाने और केक काटने का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। उक्त कार बलरामपुर जिले में 12वीं बटालियन में पदस्थ डीएसपी तस्लीम आरिफ की बताई जा रही है और कार के बोनट पर डीएसपी की पत्नी मौजूद है। वहीं कार का गेट और डिक्की खोलकर अन्य महिलाएं भी स्टंट करती नजर आ ▶▶|शेष पेज 5 पर

- स्टंट बाजी का वीडियो हुआ वायरल, कांग्रेस ने भी उठाए सवाल

### विभाग की ओर से होगी जांच

इस मामले में उनके विभाग की ओर से जांच की जाएगी। अब तक यह भी पुष्ट नहीं हुआ है कि उक्त वाहन किसका है और वाहन में सवार महिला डीएसपी की पत्नी है या नहीं। यदि विभाग की ओर से रिपोर्ट दी जाती है तो उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

- राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा

---

## प्लेन क्रैश में मृतकों की संख्या पहुंची 270

# ब्लैक बॉक्स मिला, खुलेगा हादसे का राज

*गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने वाले एयर इंडिया के विमान में मृतकों की संख्या 270 तक पहुंच गई है। दुर्घटनास्थल के मलबे से ब्लैक बॉक्स बरामद किया गया। जिससे दुर्घटना के राज खुलेंगे। गुजरात एटीएस के अधिकारियों के अनुसार डीवीआर की फॉरेंसिक जांच की जाएगी कि यह डीवीआर विमान का है या किसी अन्य उपकरण का।*

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

विमान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया तथा हताहतों के परिजनों से तथा अस्पताल में घायलों की स्थिति देखी। टाटा ग्रुप ने हादसे में मृतक सभी के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने कहा है चाहे वे विमान में सवार थे अथवा नहीं।

विमान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटनास्थल पहुंचे और वहां का दर्दनाक दृश्य देखकर द्रवित हो गए। इस दौरान मोदी ने दिवंगत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी के परिजनों से तथा घायलों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। टाटा ग्रुप ने भी विमान में सवार सहित इस हादसे में काल कवलित हुए अन्य सभी लोगों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।



### पीएम रूपाणी के परिवार से मुलाकात की

पीएम मोदी ने गांधीनगर में विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा- यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि विजयभाई अब हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने साथ मिलकर काम किया, कंधे से कंधा मिलाकर, कई मुश्किल दौरों में भी। विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, और पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ईमानदारी से सेवा की।

## सब कुछ जल गया मगर भगवद् गीता को आंच तक नहीं आई...



अहमदाबाद विमान हादसे के बाद इतनी भीषण आग लगी कि चंद मिनटों में न केवल लोहा तक पिघल गया बल्कि वहां मौजूद पशु-पक्षी, वृक्ष तक जलकर खाक हो गए लेकिन विमान में किसी यात्री के बैग में रखी भगवद् गीता को आंच तक नहीं आई और वह सुरक्षित बची। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें राहत-बचाव कार्य में लगा एक युवक हाथों में सुरक्षित भगवद् गीता लिए दिखा रहा है। शुरुआत के एकाध पन्ने पर जलने के निशान हैं लेकिन अंदर के सभी पन्ने और किताब में मौजूद भगवान श्रीकृष्ण व देवी-देवताओं की तस्वीरें सुरक्षित हैं।

## घायलों से मिले मोदी, क्रैश साइट देखकर हुए भावुक



### सभी विमानों की सुरक्षा जांच अनिवार्य

डीजीसीए ने बोइंग के सभी ड्रीमलाइनर विमानों की बेड़े पर सुरक्षा जांच को सख्त कर दिया है। डीजीसीए ने विमान कंपनियों को आदेश दिया है कि उन्हे 15 जून की मध्यरात्रि से भारत से उड़ान भरने के पहले समुचित जांच कराना अनिवार्य है।

### साबित हुआ आखिरी सफर

## पति के बर्थ-डे सेलब्रेशन में जा रहीं थीं हरप्रीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस दुर्घटना में भिलाई की एक युवा साफ्टवेयर इंजीनियर बेटी की भी दर्दनाक मौत हो गई। 270 यात्रियों की अग्निसमाधि बना दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन में पति की लंबी उम्र के जश्न में शामिल होने लंदन जा रही हरप्रीत कौर के लिए भी आखिरी सफर साबित हुआ। उनके अचानक चल बसने से उनकी ननिहाल नेहरु नगर सहित शहर में गमगीन माहौल है। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के एक प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश हो जाने से इसमें सवार 242 यात्रियों की मृत्यु हो गई। इस भंयकर दुर्घटना ने भिलाई के एक प्रतिष्ठित सिख परिवार से उसकी सबसे लाडली युवा सदस्य को छीन लिया। नेहरु नगर पूर्व क्वार्टर 8/2 निवासी सरदार हरभजन सिंह टुटेजा ▶▶|शेष पेज 5 पर

- अहमदाबाद प्लेन हादसे में भिलाई की बेटी भी चल बसी
- चार साल पूर्व हुई थीं इंदौर के रांबी वोरा से शादी

### समाज में गम का माहौल

गुरूवार को जैसे ही अहमदाबाद में विमान हादसे की खबर यहां उनके नाना को लगी, तो उन्होंने लंदन में दामाद राबी को कांल कर हादसे की सूचना दी। इसके बाद शुक्रवार को सुबह भिलाई से सदमे की हालत में नाना नानी मामा रायपुर से प्लेन से अहमदाबाद के लिए निकले। वह डीएनए आदि शिनाख्त की प्रक्रिया में शामिल होंगे। परिजनों ने बताया की विमान हादसे में चल बसी हरप्रीत पिता महेंद्र सिंह होरा व अपनी मां की बहुत लाडली थी। बेटे की तरह परवरिश हुई थी, उनके कोई पुत्र नहीं था। छोटी बहन मां के पास रहती है। वहीं पति के साथ अपनी ननिहाल भिलाई आखिरी बार चार माह पूर्व आई थी। हरप्रीत की विमान दुर्घटना में मौत के बाद यहां नेहरुनगर सहित समाज में गम का माहौल है।

AMITY UNIVERSITY
CHHATTISGARH

Your success starts @ Amity Raipur

- Diverse MNCs, blue chip corporates visited campus for placement, highest CTC (2024): ₹ 18.7 LPA offered by Human Resocia
- Students have secured placements in PwC, Amazon, Nestle, Flipkart, Accenture, Samsung, Airtel, Crompton, Royal Enfield, TCS...
- CEO Dinner Series, Industry Mentorship and Conversation Programs
- 4 Star rating by Institution's Innovation Council (IIC), Ministry of Education, Govt. of India
- 5 Week Study Abroad Program in New York, Singapore, London or Dubai
- 70 Hi-tech labs & learning studios
- 6 Centres of Excellence
- 6 Student startups incubated
- 225+ Distinguished faculty, scientists and staff who have filed 65 patents, authored 23 books & published 1096 research papers including 144 scopus indexed
- 88 Govt. funded research projects undertaken in partnership with CSIR, ICMR, DST, BRNS...
- 35 Scopus H-index of the university, a reflection of hi-end research
- Modern library with 14,700 books, 4,600 titles & 60 journals
- Upto 100% scholarship available
- Lateral entry & Ph.D programmes also available

45 UG & PG Progs. in:

- Architecture
- Biotechnology
- Commerce
- Computer Science/IT
- Economics
- Engineering
- English Literature
- Fashion
- Interior Design
- Law
- Management
- Media & Communication
- Microbiology
- Pharmacy
- Psychology
- Robotics & Automation

Apply at: amity.edu/raipur
By: 20th June, 2025
Helpline: 7303-396-666

Amity University Chhattisgarh, Manth (Kharora), Raipur | E: admissions@rpr.amity.edu

## चिंतन

# इजरायल-ईरान में युद्ध से बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

ईरान ने आतंकी गुट हमास के जरिये जो चिंगारी इजरायल में लगाई थी, उससे अब पश्चिम एशिया झुलस रहा है। इजरायल व ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजरायल ने ईरान में परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। हमलों के दौरान इजरायल ने ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों, सैन्य अधिकारियों, बैलिस्टिक मिसाइल भंडार, एयर डिफेंस सिस्टम और नतान्ज समेत कई परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया है। अब देर-सबेर ईरान भी बदला लेगा। इजरायल के इस ऑपरेशन राइजिंग लायन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से ईरान को परमाणु डील के लिए धमकी के लहजे में चेतावनी दी है, उससे इजरायल के इस ऑपरेशन में अमेरिकी हाथ स्पष्ट है। इजरायली बॉम्बर ने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य बेस से ईंधन भरे हैं, इससे भी अमेरिकी संलिप्तता साफ हो रही है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर अमेरिका ने इस हमले से अपना पल्ला झाड़ा है। अब सवाल है कि ईरान लक्षित करके केवल इजरायल से बदला लेगा या फिर पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य बेस को भी निशाना बनाएगा। बदले में ईरान जो भी कदम उठाएगा, उसका विध्वंसक असर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विश्व पर भी पड़ेगा। जैसे अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है, ठीक वैसे ही ईरान भी अकेला नहीं है, चीन व रूस उसके साथ हैं। अनिश्चितता और सैन्य संघर्ष से भरे विश्व में शक्ति के दो ध्रुव आमने-सामने हो रहे हैं। यूक्रेन व रूस जंग में भी ऐसी स्थिति बन रही है और इजरायल व ईरान के बीच तनाव में भी। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर अडिग है, तो अमेरिका ईरान को ऐसा न करने देने पर तुला है। ईरान कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ शांतिपूर्ण मकसदों के लिए है, लेकिन परमाणु निगरानी संस्था आईएईए (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) इस दावे को खारिज करती रही है। इजरायल भी आरोप लगाता रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। अमेरिका व इजरायल की कोशिश है कि ईरान परमाणु हथियार न बनाए। इसी हफ्ते आईएईए की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने दो दशक में पहली बार औपचारिक रूप से ईरान को परमाणु अप्रसार (एनपीटी) नियमों का उल्लंघन करने का दोषी करार दिया है। बंकरों में स्थित ईरान का सबसे बड़ा और गुप्त परमाणु संवर्धन केंद्र नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी पर इजरायल ने पहले भी साइबर अटैक और सीक्रेट बम धमाके किए हैं। इस बार इजरायल के हमले का दायरा काफी ज्यादा विनाशक है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि ईरान की प्रतिक्रिया इतनी भयानक होगी कि इजरायल अफसोस करेगा। बड़ी बात है कि अगर इजरायल व ईरान के बीच युद्ध विस्तार लेता है, तो विश्व व भारत पर क्या असर पड़ेगा? ग्लोबल ट्रेड का बड़ा रूट मिडिल ईस्ट से है। ईरान के युद्ध छेड़ने से यह ट्रेड रूट प्रभावित होगा, जिससे ऊर्जा व खाद्यान्न आपूर्ति पर असर पड़ेगा। मतलब आमजन के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ेगी। भारत की ऊर्जा आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इजरायल ने खुलकर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया था, जबकि ईरान ने मध्यस्थता की बात की थी। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से संबंध अच्छे हैं, पर इजरायल के साथ पलड़ा भारी है। चाबहार में भारत बड़ा निवेशक है और उसके तेल व गैस का बड़ा खरीदार है। इसके बावजूद ईरान भारत के खिलाफ पाक प्रायोजित आतंकवाद को देखकर भी खुलकर स्टैंड नहीं लेता है। भारत ने इजरायल व ईरान को शांति से मसले सुलझाने की सलाह दी है।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला



# वर्तमान में भी कम नहीं विमानन क्षेत्र की चुनौतियां

बारह जून को एयर इंडिया का विमान बोइंग ड्रीमलाइनर-787, जो कि गुजरात के अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भयंकर आग का गोला बनकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें 265 लोग असमय काल के ग्रास बन गए, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। जानकारी के अनुसार विमान में 169 भारतीयों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इनमें केवल एक यात्री जिंदा बचा बताया जा रहा है। खबर है कि 625 फीट की ऊंचाई पर विमान ने सिग्नल खो दिए थे और तेजी से नीचे आने लगा था। वास्तव में, इस विमान दुर्घटना के हृदयविदारक दृश्यों ने देश-विदेश में हर किसी को स्तब्ध करके रख दिया। गुजरात में यह दूसरा भीषण विमान हादसा है। इससे पहले 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से आ रहा विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पूर्व दुर्घटना का शिकार हुआ था और इसमें 130 लोगों की जान चली गई थी। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से पिछले हिस्से में स्थित एक ब्लैक बॉक्स को ढूंढ लिया गया है और उसे सुरक्षित रखा गया है। बाद में डीजीसीए के अधिकारी इसकी रिकॉर्डिंग का विस्तार से विश्लेषण करेंगे और निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। दुर्घटना की मुख्य वजह तो अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन लंबी दूरी की उड़ानों में विमान विशेष में ज्यादा ईंधन भरना पड़ता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि विमान में ज्यादा ईंधन से भी कहीं न कहीं आग अधिक भड़की होगी और किसी को खुद का बचाव करने का मौका तक नहीं मिल पाया। यह एक ऐसी भयानक त्रासदी है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। विमानन सुरक्षा ऐसा मोर्चा है, जहां छोटी सी भी कमी छोड़ने की गुंजाइश नहीं रहती है, क्यों कि एक मामूली सी ग़लती भी बहुत बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। आज विमानन क्षेत्र में अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन,कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, कम किराया, महंगा रखरखाव और महंगे ईंधन की वज़ह से विमानन कंपनियों की हालत खस्ता है। नई तकनीक अपनाने के लिए विमानन कंपनियों को भारी राशि निवेश करनी पड़ती है। विमानन कंपनियों के कुप्रबंधन या अक्षम प्रबंधन के कारण भी विमानन कंपनियां घाटे में चल रहीं हैं। इतना ही नहीं, हर स्तर पर प्रभावी संवाद की कमी, कंपनी प्रबंधन का अदूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण, कुशल नेतृत्व का अभाव, कमज़ोर प्रबंधन, अपर्याप्त जोखिम प्रबंधन, प्रबंधकों में अनुभव व प्रशिक्षण की कमी, गलत भागीदार, पूंजी की कमी, लचर वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों की उपेक्षा, यात्रियों की आवश्यकताओं की अनदेखी इत्यादि से भी विमानन कंपनियों को अक्सर सफलता नहीं मिल पाती है। यह पहली बार है जब सुरक्षा के लिए पहचाने जाने वाले बोइंग 787 के क्रैश होने की खबर सामने आई है। बहरहाल, यह दुर्घटना मानवीय त्रासदी तो है ही, कहीं न कहीं यह विमानन सुरक्षा और उसकी जवाबदेही पर गंभीर सवाल भी उठाती है। हाल फिलहाल, यह उम्मीद की जा सकती है कि डीजीसीए, बोइंग और एयरइंडिया हादसे के कारणों पर गहराई से गौर करेंगे और इस संबंध में (विमानन सुरक्षा में सुधार के संबंध में) उचित एक्शन भी लेंगे।

आज जरूरत इस बात की है कि देश के तमाम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों पर आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा और उनका अभ्यास अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डों पर उपलब्ध अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या और उनके प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस हादसे के कारणों की पारदर्शिता और ईमानदारी से गहन जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकी जा सके। इस विमान दुर्घटना में विदेशी लोग भी मारे गए हैं, हमारे अंदर उनके प्रति भी गहरी संवेदना का भाव होना चाहिए। उनके परिजनों के साथ हमें पूरा सहयोग करना चाहिए। मुआवजा जहां जरूरी हो, वहां वितरित होना चाहिए। राहत और बचाव के लिए एअर इंडिया, राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिकता से काम करना होगा। वास्तव में यह समय हम सभी के लिए संयम, सहायता, संवेदना और प्रार्थना का है। निश्चित ही, आज के समय में सुरक्षित विमान यात्रा एक बड़ी चुनौती है। इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हाल फिलहाल, देखना यह भी होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व युवा साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## त्रासदी

विकेश कुमार बडोला

अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान-दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। व्योम मार्गीय वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

# विमान हादसों की पुनरावृत्ति चिंताजनक

बड़े आश्चर्य की बात है कि पाकिस्तान के आतंकी व सैन्य ठिकानों पर हमला करते हुए हमारी वायु सेना के युद्धक विमानों से फेंकी गई मिसाइलों ने वहां के नागरिक उड़ानों वाले हवाई जहाजों पर खरोंच तक नहीं आने दी, और यहां भारत में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और चालक दल के सदस्यों समेत 242 यात्रियों को अहमदाबाद से लंदन लेकर जाने वाले एयर इंडिया के बोइंग ने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लड़खड़ाते हुए चिकित्सकों के आवासीय भवन से टकराकर आवासीय परिसर में रहने वाले 20-25 लोगों के भी प्राण लील लिए। दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार केवल एक व्यक्ति ही जीवित बच पाया। जब तक बचाव दल के लोग घटनास्थल पर पहुंचते, तब तक अधिसंख्य यात्रियों के मृत शरीर जलकर काले पड़ चुके थे। अधिकतर शव इस सीमा तक जले हुए मिले कि दिवंगतों की व्यक्तिगत पहचान के लिए अब समुचित डीएनए परीक्षण का ही सहारा है। चिकित्सकों के जिस आवास-परिसर से विमान टकराया था, वहां भीतर के दृश्य भी अत्यंत डरावने हैं। लगभग पूरा परिसर जलकर काला पड़ गया है। इस घटना ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। एकदम से किसी को कुछ भी नहीं सूझ रहा कि ऐसी दुर्घटना के संदर्भ में सरकार और जांच एजेंसियों की आगे की दशा-दिशा क्या होगी।

विमान अनुरक्षण के तकनीकी पक्ष के अनुसार आकलन होने पर यही पता चल रहा है कि विमान में कोई भी तकनीकी समस्या नहीं थी। इंजन, इत्यादि सभी उपकरण सुचारू रूप में कार्य कर रहे थे। विमान संबंधी सभी आवश्यक सहायक चीजें, वस्तुएं, सेवाएं व सुविधाएं विमान में उपलब्ध थीं। मुख्य और सहायक विमान-चालकों के पास विमान-चालन का दीर्घानुभव था। मौसम भी सामान्य था। वातावरण में विमान-यात्रा के लिए अनिवार्य दृश्यता में भी कोई कमी नहीं थी। हां, यदि उड़ान भरने के बाद किसी पक्षी के साथ विमान की टक्कर हुई होगी, तो घटना की आशंका उभरती है। लेकिन इसके लिए भी विमान-चालन कार्यदल आजकल अग्रिम सुरक्षा तैयारियों के साथ तैनात रहता है। उड़ान भरने के एक-दो मिनटों में ही विमान का हवाई-स्थल के रेडार-सिस्टम से डिस्कनेक्ट हो जाना भी आशंकाएं उत्पन कर रहा है। घटना के वास्तविक कारणों की पहचान के लिए केंद्र व राज्यों सरकारों को समुचित जांच करनी चाहिए। यह जांच हर संभव श्रेष्ठ उपायों व विधियों के आधार पर होनी चाहिए। इस घटना के आलोक में प्रगति एवं विकास का जो अभिशापित पक्ष दिखाई दिया है, उसने लोगों में असुरक्षा के गहरे भाव भर दिए हैं। विमान में सवार लोग साधारण लोग नहीं थे। सभी धनी और स्थापित लोग थे। इसलिए विमान या विमान संबंधी सेवाओं में कोई कमी रही होगी, इसकी संभावना भी नहीं के बराबर है। यात्रियों में इंग्लैंड के भी बहुत से निवासी थे, इसलिए वहां के प्रधानमंत्री भी इस घटना को लेकर असहज हैं। राज्य में यह पहली विमान-दुर्घटना नहीं है। गुजरात में 37 वर्ष पहले 1988 में ऐसी ही दुर्घटना हुई थी जिसमें 133 लोग मारे गये थे। तब इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से अहमदाबाद आने वाला विमान हवाई-स्थल पर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कम दृश्यता के कारण विमान वृक्ष और बिजली के ट्रांसमिशन टॉवर से टकरा गया था। अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के



आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान-दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। भारत में जो बड़ी विमान दुर्घटनायें हुई हैं, उनमें 31 मई 1973 को दिल्ली के पालम हवाई-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 440, जिसमें 48 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद, दुबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान 855 मुंबई से उड़ान भरने के बाद अरब सागर में गिर गई थी। यह घटना 1 जनवरी 1978 को हुई। विमान में सवार सभी 213 लोगों की मौत हो गई। फिर इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 113 वर्ष 1988 के 19 अक्टूबर को अहमदाबाद विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 133 लोग मारे गये थे। सन् 1990 में 14 फरवरी को उड़ान संख्या 605 बेंगलुरू विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 146 लोग मारे गये। सन् 1996 के 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में कजाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान 1907 की दुर्घटना में 349 लोग मारे गये थे। उड़ान 7412 वर्ष 2000 के 17 जुलाई को बिहार के पटना के घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में हादसे का शिकार हुई, जिसमें 60 लोग मारे गये थे। एयर इंडिया की एक्सप्रेस उड़ान 1344 जो कि 7 अगस्त 2020 को कोझिकोड कालीकट अंतरराष्ट्रीय विमान-स्थल पर रनवे पर फिसलने के कारण दो हिस्सों में बंट गई, जिसमें 21 लोग मारे गये। अहमदाबाद की विमान दुर्घटना से पहले दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में दक्षिण कोरिया का एक यात्री-विमान विमान-स्थल पर उतरते हुए दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस घटना में 179 लोग मारे गये थे। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन (यान या हाइड्रोजन गुब्बारा) दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। सन् 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। सन् 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए।

इक्कीसवीं सदी में भी 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200 ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस तरह व्योम मार्गीय वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। भारत देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी होगी, ताकि वायुयात्रा को हर दृष्टि से सुरक्षित किया जा सके। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

## दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है।

# बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया। इस एक गलती की वजह से पूरा कौरव वंश नष्ट हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका के सामने गिड़गिड़ाता पाकिस्तान

पाकिस्तान का जन्म ही झूठ की बुनियाद पर हुआ है। पाकिस्तान भारत के सामने ही नहीं, दुनिया को भी झूठ परोसना अपनी शान समझता है। झूठ पाक की फितरत बन गई है। पहलगाम हमले के बदले आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाकिस्तान घबराया हुआ है। भारत की 400 मिसाइलों के साथ सेना की पुरजोर तैयारी से खौफजदा पाकिस्तान हथियार खरीदने की अपील अमरीका से कर रहा है। भारत से मुकाबला करने में असमर्थ पाक के होश उड़ गए हैं। भारत की नई टेक्नोलॉजी से लैस सेना कई गुना ताकतवर है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक तरफ अपने लोगों को जीत का दावा कर रहे हैं। - **सांकेत शर्मा**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# स्टोन क्रशर मशीनों को गंगा से दूर करने याचिका



उत्तराखंड के रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में जारी अवैध खनन पर गंभीर रुख अख्तियार करते हुए उच्च न्यायालय ने हरिद्वार जिले में 121 स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थानांतरित करने में अधिकारियों की कथित विफलता पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में अवैध खनन के खिलाफ दायर एक जनहित यचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्षेत्र में स्टोन क्रशर मशीनों को स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन अब तक क्यों नहीं किया गया? उच्च न्यायालय ने इस बात पर भी गहरी नाराजगी जताई कि स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थानांतरित करने के लिए स्थानों का चिन्हीकरण किए जाने के संबंध में पूर्व में अदालत और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अदालत ने मामले को 'अत्यधिक गंभीर' बताते हुए इस बात पर भी सवाल उठाया कि पहले बंद हो चुकी स्टोन क्रशर की 48 मशीनों को बिना उसकी अनुमति के दोबारा कैसे शुरू कर दिया गया।

## ऑफ बीट

# युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रहा अपेंडिक्स कैंसर का खतरा



दशकों तक, यह ऐसी बीमारी थी जिसका डॉक्टरों को करियर में एक या दो बार ही सामना करना पड़ता था, और यह अक्सर वृद्धों को होती थी। लेकिन अब एक आश्चर्यजनक और चिंताजनक प्रवृत्ति उभर रही है: अपेंडिक्स कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, और यह तेजी से 30, 40 साल और यहां तक कि कम उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस बदलाव ने कई विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है और वे इसका जवाब खोज रहे हैं। अपेंडिक्स बड़ी आंत से जुड़ी एक छोटी, उंगली के आकार की थैली होती है। शरीर में इसके उद्देश्य पर अब भी बहस होती है, लेकिन यह अपेंडिसाइटिस यानी एक दर्दनाक सूजन का कारण बनने के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती है। 'एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन' में प्रकाशित एक नए अध्ययन से पता चला है कि 1970 के दशक के बाद पैदा हुए लोगों में अपेंडिक्स कैंसर के मामलों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। वास्तव में, 1940 के दशक में पैदा हुए लोगों की तुलना में युवा पीढ़ी में इसके मामलों में तीन गुना या चार गुना तक वृद्धि हुई है। कुल संख्या अब भी कम है क्योंकि अपेंडिक्स कैंसर हर साल प्रति दस लाख में से बहुत कम लोगों को होता है। लेकिन जितनी भी वृद्धि हो रही है, वह चौंकाने वाली है।

## ट्रेंड



### घायल लोगों से मुलाकात



अहमदाबाद विमान हादसे के बाद घायल लोगों से मुलाकात की, जिसमें एकमात्र जीवित बचा व्यक्ति भी है। उनको भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में हम उनके और परिवारों के साथ हैं। पूरा देश उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निधन का समाचार दुखद



विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### सख्त नियम जरूरी



सख्त नियमों से ही खत्म होगा सरकारी जमीन पर कब्जा एवं लंबित भू-अर्जन मामलों का निराकरण। रांची के डीसी के तर्ज पर सभी जिलों के उपायुक्त भी ऐसा प्रयास सुनिश्चित करें ताकि सरकारी जमीन का संरक्षण हो सके।

-दीपक बिरूआ, मंत्री, झारखंड सरकार

### दिवंगतों को शांति मिले



अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण प्लेन क्रैश की घटना से मन बेहद दुखी और बोझिल है। ईश्वर दिवंगत मुसाफिरों व मेडिकल होस्टल के छात्रों को शांति दे और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। ॐ शांति।

-ईशा कोप्पिकर, अभिनेत्री

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बिरगांव यूपीएचसी में प्रसव के बाद महिला की मौत का मामला

# जांच में अस्पताल प्रभारी व मेल नर्स दोषी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी

बिरगांव के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की मृत्यु के मामले में अस्पताल की प्रभारी डा. अंजना कुमार लाल एवं मेल नर्स अनुपम को दोषी करार दिया गया है। शासन के निर्देश पर बनाई गई चार सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सीएमएचओ को दी है, जिसे कार्रवाई के लिए शासन को प्रेषित कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि साक्षी निषाद को प्रसव के बाद भी अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था, जिसकी वजह से वह बेसुध हो चुकी थी। प्रसव की असहनीय पीड़ा के दौरान उसे विशेषज्ञ डाक्टर की जरूरत थी, जो समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं थी। मौजूद मेल नर्स ने साक्षी (दीक्षा)के साथ उसके परिजनों को भी भला-बुरा सुनाया था और उसे पानी पिलाने की सलाह दी थी। दर्द कम नहीं होने पर उसने साक्षी को इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और आंबेडकर अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया था। इस मामले में काफी हंगामा होने के बाद शासन के निर्देश पर चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने गुरुवार को जांच के बाद अपनी रिपोर्ट जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी को दी, जिसे कार्रवाई के लिए शासन को भेजा गया है।


दीक्षा की मौत अत्यधिक रक्तस्राव से, स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव प्रक्रिया की निगरानी पर उठे सवाल
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर
चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही से दीक्षा निषाद की मौत अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से होने की आशंका है। सर्जरी के बाद मरीजों को मेल नर्स के भरोसे छोड़ने पर जांच में डाक्टरों की जिम्मेदारी भी तय की जाने की संभावना है। इस घटना के बाद जिला मुख्यालय स्तर पर प्रसव की निगरानी करने वाले अफसरों की जिम्मेदारी तय किए जाने की आवश्यकता है। सोम-मंगल की दरम्यानी रात बिरगांव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दीक्षा निषाद की मौत के बाद भारी हंगामा हुआ था। मामले में स्वास्थ्य केंद्र के मेल नर्स, अनुपस्थित ड्यूटीरत डाक्टर


## महिला विशेषज्ञ की नहीं लगाई थी ड्यूटी

रिपोर्ट में माना गया है कि प्रभारी डा. अंजना कुमार लाल द्वारा रात्रि में किसी महिला विशेषज्ञ की ड्यूटी लगानी थी, मगर उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। साथ ही सुबह सर्जरी के दौरान मामला जटिल होने के बाद भी फालोअप लेने की जरूरत नहीं समझी। वहीं मेल नर्स अनुपम ने परिजनों द्वारा लगातार निवेदन करने के बाद भी डाक्टर को बुलाने के बजाए खुद ही इंजेक्शन लगाने का फैसला कर लिया।

## मेल नर्स के पक्ष में आया स्टाफ

इधर साक्षी के परिजनों से दुर्व्यवहार करने के आरोप से घिरे मेल नर्स अनुपम के पक्ष में बिरगांव हेल्थ सेंटर के चिकित्सकीय स्टाफ और क्षेत्र की मितानिन काफी संख्या में सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने अनुपम के लापरवाह नहीं होने का पक्ष रखा था। कार्यालय के जिम्मेदारों की समझाइश के बाद सभी लौटे थे।

## सालों से जमी हैं डा. लाल

बिरगांव के यूपीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डा. अंजना कुमार लाल सालों ने पदस्थ है और डिलीवरी सहित हैवी व्हीकल का लाइसेंस बनाने मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में भी चर्चा में रही है। वहां पदस्थ एक चिकित्सक की मानसिक समस्या की दवा चल रही है और दूसरा किडनी समस्या की वजह से डायलिसिस पर है।

---

**ट्रैक पर बाक्स व लकड़ी**

## ट्रेन गिराने का प्रयास लोको पायलट ने बचाया

**बिलासपुर।** ट्रैक पर बाक्स व लकड़ी रखकर ट्रेन गिराने की कोशिश हो रही थी, जिसे लोको पायलट ने देखकर तत्काल अन्य कर्मचारियों की सहायता से सेक्शन को क्लीयर करते हुए ट्रेन को दुर्घटना होने से बचाया। लोको पायलट का मंडल रेल प्रबंधक ने सम्मान किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर में पदस्थ लोको पायलट राजेश कुमार जांगड़े और सहायक लोको पायलट जयकुमार राज ने गतौरा से जयरामनगर सेक्शन में तथा बिलासपुर के लोको पायलट राकेश कुमार नन्दनवार व सहायक लोको पायलट अभिषक शरण जयरामनगर से लटिया सेक्शन में ट्रेन लेकर जा रहे थे। इस दौरान राजेश जांगड़े ने गतौरा-जयरामनगर सेक्शन में और अभिषेक शरण ने जयरामनगर से लटिया सेक्शन में अचानक देखा कि जिस लाइन पर वे ट्रेन लेकर जा रहे हैं उस लाइन पर बॉक्स और लकड़ी रखी हुई। करीब 90 किलोमीटर प्रति रफ्तार से चल रही ट्रेन को अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका गया।

---

### पोकलेन में आगजनी के समय या पहले कब नक्सलियों ने लगाए थे आईईडी उस पर फोकस

# 2 ठेकेदारों समेत दर्जनभर लोगों के बयान दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/ कोंटा

सुकमा जिले के अंतिम छोर पर स्थित कोंटा ब्लाक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 200 मीटर भीतर डोंडरा पंचायत के चिखलगुड़ा के गिट्टी खदान में हुए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी के मामले में लगभग 1 दर्जन लोगों से पूछताछ कर बयान लिए गए है। इसमें खदान के संचालक श्री हरि और शबरी नदी पर बने मोटु पुल में साइट पिचिंग का काम करने वाले ठेकेदार सेंगर के भी बयान हुए है। मामला पुलिस के बड़े अफसर के शहादत का है, इसलिए कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल कोंटा एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर तथा टीआई सोनल गवला का इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इसलिए चिंतागुफा के एसडीओपी सपन चौधरी को इस घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं तोंगपाल के एसडीओपी रजत नाग को भी कोंटा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कोंटा टीआई का प्रभार सुरेंद्र स्वर्णकार को दिया गया है।

- घटनास्थल पर स्पोर्ट्स शू और पुलिस वाहन का व्हील कवर सहित खून के निशान

### नेशनन हाईवे से खदान तक कच्चा रास्ता

मिली जानकारी के मुताबिक गिट्टी खदान में बोल्डर फोड़ने के लिए संचालक श्री हरि पोकलेन मशीन का उपयोग कर रहा था। यह मशीन हैदराबाद के किसी ठेकेदार से दैनिक भाड़ा के हिसाब से लाया गया था। यहां बोल्डर फोड़कर समीप के शबरी नदी के मोटु पुल में साइट पिचिंग के लिए ले जाया जा रहा था। पुल का काम पुलिस अफसर से ठेकेदार बने सेंगर नाम के व्यक्ति द्वारा कराया जा रहा था, वह कोंटा थाना में भी पूर्व में पदस्थ रहा है। नेशनल हाईवे खदान तक का रास्ता कच्चा है। 5 दिन बाद भी पोकलेन खदान में ही जली हुई स्थिति में है।



हरिभूमि ने गुरुवार को घटना स्थल का जायजा लिया, जहां 5 दिन बाद भी नक्सलियों द्वारा जलाया गया पोकलेन गिट्टी खदान में ही पड़ा हुआ है। उसके पास ही1 पैर का स्पोर्ट्स शू है, वहीं पास ही वाहन का व्हील कवर और जगह जगह खून के धब्बे के निशान है। इस संबंध में जांच अधिकारी सपन चौधरी ने बताया कि आईईडी धमाका के बाद जब एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के दोनों पैर जख्मी हो गए तो उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन घटनास्थल तक ले जाया गया। इसलिए वाहन का व्हील कवर वहां पड़ा है।

### हो रही जांच

आईईडी ब्लास्ट में एएसपी के शहीद होने की घटना की जांच कई एंगल से हो रही है। करीब 1 दर्जन लोगों के बयान लिए गए हैं, जिसमें खदान संचालक ओर बोल्डर से मोटु पुल में पिचिंग काम करने वाले ठेकेदार का भी बयान हुआ है। पोकलेन में आगजनी से लेकर अगले दिन आईईडी ब्लास्ट के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच चल रही है। फॉरेंसिक टीम भी स्थल का मुआयना कर विस्फोटक आदि मामले की पड़ताल की है। अभी विवेचना जारी है, जांच पूरी होने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

**सपन चौधरी,** जांच अधिकारी, कोंटा

### शहीद एएसपी मामले की जांच के लिए एसआईए गठित

*जगदलपुर। सुकमा जिले के कोंटा में प्रेशर आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरपुंजे मामले की जांच एसआईए करेगी। इस टीम में एसआईए एसपी समेत आधा दर्जन अधिकारियों को शामिल किया गया है। पुलिस मुख्यालय से गुरूवार को जारी आदेश में 9 जून को सुकमा जिले के कोण्टा थाना क्षेत्र स्थित कोन्टा-एर्राबोर मार्ग पर डोण्डरा ग्राम के करीब हुए प्रेशर आईईडी विस्फोट मामले की रिपोर्ट 10 जून को कोण्टा थाना में हुई । छग शासन गृह विभाग के आदेश पर मामले की अग्रिम विवेचना व कार्रवाई राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) द्वारा की जाएगी।गौरतलब है कि 9 जून को नक्सलियों द्वारा किए गए प्रेशर आईइडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे शहीद हो गए थे। वहीं डीएसपी कोण्टा भानुप्रताप चन्द्राकर व टीआई सोनल गवला गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका उपचार जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी अरूण देव गौतम व एसआईए डायरेक्टर अंकित गर्ग ने जांच टीम को विशेष निर्देश दिए हैं। इस टीम में एसआईए एसपी समेत 6 पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है।*

---

**रायपुर में एमडी की स्टूडेंट**

## डॉक्टर की पढ़ाई कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रायपुर में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही एक 29 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है।



कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकासनगर मकान नंबर एम 55 में शशिभूषण गौतम का परिवार निवास करता है। उसकी 29 वर्षीय पुत्री छाया गौतम डॉक्टर थी, जिसकी पोस्टिंग मेडिकल कॉलेज कोरबा में थी। 15 दिन पहले छाया रायपुर से कुसमुंडा आई थी। सब इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता ने बताया कि छाया गौतम के माता-पिता गुरुवार की सुबह इलाज कराने के लिए वैशाली नगर गए हुए थे। इस दौरान सुबह 9 बजे छाया गौतम घर पर अकेली थी, जब परिजन वापस लौटे तो देखा कि छाया फांसी के फंदे पर झूल रही थी।

### कैंसर विभाग में एमडी की स्टूडेंट थी छाया

पुलिस के मुताबिक छाया गौतम रायपुर में कैंसर विभाग में एमडी की पढ़ाई कर रही थी और सुबह 8 बजे से देर रात तक पढ़ाई करती थी। पिछले कुछ महीने से वह पढ़ाई व काम को लेकर काफी डिप्रेशन में थी, जिसका उपचार भी चल रहा था। छाया ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच अधिकारी राकेश गुप्ता ने बताया कि मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। फिलहाल प्रारंभिक जांच के मुताबिक छात्रा डिप्रेशन में थी।






## अल्फा में आलिया-शरवरी मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** वाईआरएफ की पहली महिला प्रधान स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म में एक शानदार गाना होगा, जो कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ पर फिल्माया जाएगा। इस गाने में दोनों अभिनेत्रियों का अंदाज सबसे निराला होगा। एक खबर के मुताबिक, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म अल्फा में एक बड़े बजट वाले गाने में नजर आएंगी। यह गाना बेहद ग्लैमरस और जोश से भरा होगा, जिसमें दोनों अभिनेत्रियां एक साथ धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगी। अल्फा के इस गाने के लिए आलिया और शरवरी एक नए अंदाज में दिखेंगी, जिसे दर्शकों ने आज तक नहीं देखा होगा।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो**

**ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :- 19/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 13.06.2025**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 46/2024-25 | कटमकुल्ही से गुंदलीगढ़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.600 कि0मी0)। | 1,62,29,200.00 | एक करोड़ बासठ लाख उनतीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 19.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.07.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 354948 Rural Work Department(25-26).D

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**"सरदार वल्लभ भाई" पटेल भवन सेक्टर-24 कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018**
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/ बेमेतरा मंडी /3-2/2025-26/2225 रायपुर, दिनांक 12/06/2025

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना//**

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal: http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला बेमेतरा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.07.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 10.07.2025

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत ( लाख में) | एस.ओ. आर विवरण |
|---|---|---|---|
## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

# ईरान पर इजरायली हमले से शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स में 573 अंकों की गिरावट

*कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ।

### विदेशी पूंजी बाहर जाने की आशंका

विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

### एकतरफा शुल्क लगाने से चिंता बनी हुई

मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।/"

**बाजार से विदेशी पूंजी के बाहर जाने की संभावना** → **निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा** → **निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया**

### दो दिनों में निवेशकों के 8.35 लाख करोड़ डुबे

शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया।



### कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

नायर ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं, जो इस साल का उच्चतम स्तर है, जिससे तनाव जारी रहने पर मुद्रास्फीति की आशंका बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.44 प्रतिशत उछलकर 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।*

### तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.90 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 1.78 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में बीपीसीएल में 6.11 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में 5.34 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 3.91 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में 3.71 प्रतिशत और स्पाइसजेट के शेयर में 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। सत्र के दौरान स्पाइसजेट का शेयर 5.64 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 5.62 प्रतिशत तक गिर गया था।

# सोना 2,200 रुपए उछलकर फिर एक लाख के पार, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले, 22 अप्रैल को सोने की कीमत 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की तेजी आई थी और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''सोने की कीमतों ने एक नई ऊंचाई को छुआ और एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, सराफा 3,440 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया।




### रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी, जबकि एसबीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये 7,703 करोड़ रुपये में ये शेयर खरीदे। कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ इक्विटी शेयर या 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। शेयरों का निपटान 2,201 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर किया गया, जिससे लेनदेन का मूल्य 7,703.50 करोड़ रुपये बैठता है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, एशियन पेंट्स में आरआईएल की इकाई सिद्धांत कमर्शियल्स की हिस्सेदारी 4.90 प्रतिशत से घटकर 1.26 प्रतिशत रह गई है।

**DISTRICT PROJECT LIVELIHOOD OLLEGE SOCIETY DANTEWADA DISTT. DANTEWADA (C.G.)**
Dantewada-Geedam Road, Karli, Dantewada, 494441
Email:dplcdantewada@gmail.com, Contact No:- 9589573465

Res No./761/DPLCS/RFP/2025-26 Dantewada Date 13/06 /2025

**Request for Proposal (RFP)**

**Request for proposal (RFP) for Selection of agency for Construction, Operation, and Management of Community-Based Tourism Camp at Kumharras under BOTC & Revenue Sharing Model**

The Office of the Collector-cum-Chairman, District Project Livelihood College Society, Dantewada, invites Request for proposal (RFP) from eligible and experienced entities-such as SHG federations, tourism start-ups, and private companies-for the construction, operation, and management of a Community-Based Tourism Camp at Kumharras, Dantewada Block. The project will follow a Build-Operate-Transfer-Collaborate (BOTC) model with a Revenue Sharing arrangement. The District Administration will undertake the development of core tourism infrastructure, while the selected agency will be responsible for delivering quality tourism and hospitality services, engaging the local community, and generating sustainable revenue through camp operations.

The detailed Request for proposal (RFP) document can be downloaded from the official website:
**https://dantewada.nic.in/en**
Last date of submission of forms:- 15/07/2025 at 04.00 PM
Opening date of (RFP): - 16/07/2025 at During Office Hours

**Principal**
**District Project Livelihood College Society, Dakshin Bastar, Dantewada C.G.**

S-44182/1

### फोनपे ने मैपमाईइंडिया में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** प्रमुख डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने खुले बाजार लेनदेन (ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन) के जरिये मैपमाईइंडिया की मूल कंपनी सीई इन्फो सिस्टम्स में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी 486 करोड़ रुपये में बेचकर अपनी हिस्सेदारी घटा दी। फोनपे वॉलमार्ट नियंत्रित ऑनलाइन रिटेलर फ्लिपकार्ट की एक इकाई है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, बीएसई पर सीई इन्फो सिस्टम्स का शेयर 9.39 प्रतिशत टूटकर 1,768.75 रुपये प्रति शेयर पर आ गया।

■ एक ही छत के नीचे फैशन की पूरी दुनिया

### श्री शिवम फैशन स्टोर में 'समर की तोड़ो कमर' ऑफर में जबरदस्त छूट




**रायपुर।** गर्मियों की तपिश में फैशन का तड़का लगाने के लिए सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा और भरोसेमंद फैमिली फैशन डेस्टिनेशन श्री शिवम फैशन स्टोर अपने ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स की सौगात लेकर आया है। 13 से 15 जून तक चलने वाले 'समर की तोड़ो कमर' मेगा सेल के दौरान ग्राहकों को आकर्षक छूट और बंपर ऑफर्स का लाभ मिलेगा। इस तीन दिवसीय मेगा ऑफर के तहत श्री शिवम के सभी स्टोर्स में मेंस, लेडीज और किड्स वियर की विस्तृत रेंज पर शानदार डील्स उपलब्ध हैं। इस मेगा ऑफर में बाय टू गेट टू फ्री जैसी खास पेशकश शामिल है, जो आईजेडओडी, व्हाइट हैंगर, स्पाईकर, पोंटिएक और रूकीज जैसे पॉपुलर ब्रांड्स पर लागू होगी। इसके अलावा एरो, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटन, फ्लाइंग मशीन और ब्लैकबेरीज जैसे ब्रांड्स पर बाय वन गेट वन फ्री का लाभ भी मिलेगा। गेस, काजो, मुफ्ती, वेरो मोडा, प्यूमा, कलरप्लस और पार्क एवेन्यू जैसे नामी ब्रांड्स पर 50% तक की छूट दी जा रही है, वहीं ला मार्टिना, जैक एंड जोन्स, किलर, गैस और रेयर रैबिट जैसे ब्रांड्स पर 40% तक की छूट उपलब्ध है। पेपे जीन्स, यूसीबी किड्स, इंडियन टेर्रेन, ऑरेलिया और वैन ह्यूसेन सहित अन्य ब्रांड्स पर 30% तक की छूट का लाभ भी ग्राहकों को मिलेगा। श्री शिवम स्टोर में मेंस वियर, लेडीज वियर और किड्स वियर की पूरी रेंज के साथ-साथ साड़ी, कुर्ती, लहंगा, रेडीमेड सूट्स और ईवनिंग गाउन जैसी परिधानों की शानदार विविधता भी एक ही छत के नीचे मौजूद है।

**नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ, मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर**

**-:: भर्ती विज्ञापन ::-**

**क्रमांक / 712/स्था-3/ भर्ती / 2025** **रायपुर दिनांक 12/06/2025**

छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग के 295 रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पूर्ति हेतु छ.ग. के स्थानीय निवासियों से विभाग की वेबसाईट https://cghgcd.gov.in पर निम्नानुसार तिथिवार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है :-

ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि - 01.07.2025
ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि - 31.07.2025
त्रुटि सुधार हेतु - 10.08.2025 तक

**01-रिक्त पदों का विवरण :-**

| क्र. | पदनाम | वेतन मैट्रिक्स लेवल | पद संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेशन ऑफिसर (उप निरीक्षक) | 7 | 21 | |
| 2 | वाहन चालक | 4 | 14 | |
| 3 | वाहन चालक कम ऑपरेटर | 4 | 86 | |
| 4 | फायर मेन | 4 | 117 | |
| 5 | स्टोर कीपर | 4 | 32 | |
| 6 | मैकेनिक | 4 | 02 | |
| 7 | वाचरूम ऑपरेटर | 4 | 19 | प्रशिक्षित नगर सैनिक से पदपूर्ति |
| 8 | वायरलैस ऑपरेटर (संविदा) | एकमुश्त मासिक संविदा वेतन | 04 | प्रशिक्षित वायरलेस ऑपरेटर नगर सैनिक से पदपूर्ति |
| | | योग- | 295 | |

02- उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यायीन होगा।

03- विस्तृत विज्ञापन तथा भर्ती संबंधी नियमों के निवारण विभागीय वेबसाईट https://cghgcd.gov.in पर अवलोकन किए जा सकते है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अन्य संबंधित जानकारी हेतु समय-समय पर विभाग की उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**महानिदेशक**
**नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ, छत्तीसगढ़**

G-252601548/3

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 136/169721 | WHITE WASHING WORK AT CIRCUIT HOUSE SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.) | रू. 14.00 लाख |
| 141/169722 | S/R, MOW AND DEPOSIT WORK AT MANA SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.) | रू. 50.00 लाख |
| 145/169723 | WHITE WASHING WORK AT MANTRALAY SECTION NO.1 UNDER SUB-DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.) | रू. 15.00 लाख |
| 147/169724 | WHITE WASHING WORK AT SECTION NO.-4 UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 15.00 लाख |
| 146/169725 | WHITE WASHING WORK AT HCM HOUSE SECTION NO.-1 UNDER SUB-DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.) | रू. 11.00 लाख |
| 144/169726 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT PANCHSHEEL NAGAR SECTION UNDER MAINTENANCE SUB- DIVISION RAIPUR (C.G.) | रू. 24.00 लाख |
| 143/169727 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT PENSION BADA SECTION UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 142/169728 | S/R, MOW & DEPOSIT WORK OF RESIDENTIAL/NON RESIDENTIAL BUILDING AT POLICE LINE SECTION UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) | रू. 40.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.06.2025 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,**
**रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)**

G- 252601522/3

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेजबहार वितरण केन्द्र के अंतर्गत विभिन्न 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रो से निकलने वाली 11 के.व्ही. लाईनो का प्री मानसुन मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में सुबह 09.00 से दोपहर 02.00 बजे तक सारणी बद्ध लाईन एवं दिनांक व उनके सम्मुख दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.06.2025 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. सेजबहार S/S | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगहन थाना आदि । |
| 2 | 16.06.2025 | सोमवार | 33/11 के.व्ही. दतरेंगा S/S | दतरेंगा, डोमा, गोल्फ ग्रीन सिटी, महावीरा कालोनी, वाल्फोर्ट वाटिका । |
| 3 | 17.06.2025 | मंगलवार | 33/11 के.व्ही. सिवनी S/S | सिवनी, धुसेरा, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड। |
| 4 | 18.06.2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. भटगाँव S/S | भटगाँव, रावतपुरा सरकार धनेली, धुसेरा इंडस्ट्रीज । |
| 5 | 19.06.2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. वेदांता S/S | कांदुल, काटाडीह । |
| 6 | 20.06.2025 | शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. दतरेंगा O/G | कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज, H.T Consumer. |
| 7 | 21.06.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. सेजबहार No. 1 | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगाहन थाना आदि। |
| 8 | 23.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. सेजबहार No. 3 | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड । |
| 9 | 24.06.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही. सिवनी O/G | सेजबहार 4 पोल चौक से GEC Campus, अनंत फिसराईस, जे.डी गोयेंका स्कुल, एस. के शारदा स्कुल, H.T Consumer. |
| 10 | 25.06.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. खिलोरा फीडर | खिलोरा बस्ती, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड |
| 11 | 26.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. धुसेरा फीडर | कपिल इंडस्ट्रीज, एस.एस.डी फर्नीचर, यश सोया, तरवानी शॉप, पंकज इंडस्ट्रीज, सचदेवा कॉलेज, क्लासिक सेल्स धुसेरा, पदम श्री । |
| 12 | 28.06.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. अटल अवास फीडर | लोटस पार्क, ऑरम सिटी, धनेली बस्ती, अयोध्या पाण्डे, सिद्धी गणेश इंडस्ट्रीज, युनिकॉन इंडस्ट्रीज आदि । |
| 13 | 30.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. गोल्फ ग्रीन फीडर | दतरेंगा, डोमा बस्ती, गोल्फ ग्रीन, कान्दुल पानी टैंक । |
| 14 | 01.07.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. धनेली फीडर | वंशिका तलरेजा गोडाऊन, अग्रवाल गोडाऊन, श्री रावतपुरा सरकार युनिवर्सिटी |
| 15 | 02.07.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. Capital Buildcon | Friends Club, नवभारत कॉलोनी, गुडलक सिटी, आमापारा, GEC कॉलोनी सेजबहार । |
| 16 | 03.07.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. मुर्रा फीडर | दतरेंगा, सोनकर बाड़ी डोमा, दमांद पारा, मुर्रा बस्ती । |
| 17 | 04.07.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. दतरेंगा फीडर | दतरेंगा, आदर्श नर्सिंग स्कुल । |
| 18 | 05.07.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. दतरेंगा ग्रामीण | दतरेंगा, डोमा । |
| 19 | 07.07.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. दतरेंगा ग्रामीण | दतरेंगा, गैस गोडाऊन रोड़, कान्दुल बस्ती, Wallfort Pradice, बगदई वाटिका । |
| 20 | 08.07.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. वेदांता फीडर | गैस गोडाऊन रोड, कान्दुल बस्ती, Wallfort Pradice, बगदई वाटिका। |
| 21 | 09.07.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. काटाड़ीह फीडर | संदीप प्लास्टर, काटाड़ीह बस्ती, सिवांश स्कुल, Wallfort वाटिका। |
| 22 | 10.07.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. सिवनी फीडर | सिवनी बस्ती, धुसेरा बस्ती आदि । |
| 23 | 11.07.2025 | शुक्रवार | 33 के. व्ही. सिवनी O/G | - |
| 24 | 12.07.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. धुसेरा रोड़ फीडर | सिवनी, देवारभाटा, भटगाँव । |
| 25 | 14.07.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. भटगाँव फीडर | भटगाँव बस्ती, निलंबर स्टील, रामफल चौहान इंडस्ट्रीज, निशा गोयल फार्म हाऊस आदि । |
| 26 | 15.07.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही. बोरियाकला O/G फीडर | - |
| 27 | 16.07.2025 | बुधवार | 33 के. व्ही. सेजबहार I / C | - |
| 28 | 17.07.2025 | गुरूवार | - | - |

"तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 08:30 बजे 33/11 के.. व्ही. उपकेन्द्र सेजबहार में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगें।"

**''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे''**
**''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''**

**कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर**

S-44177/1

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह निपटाए गए दावों का अनुपात वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 39 प्रतिशत यानी 2.34 करोड़ था। अधिकारी ने कहा कि तीन दिनों के भीतर निपटाए गए दावों का अनुपात तेजी से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि ईपीएफओ जल्द ही स्वचालित दावा निपटान की सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर देगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस सीमा में वृद्धि के लिए ईपीएफओ के शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की मंजूरी की जरूरत नहीं है।

### विश्व बैंक व आईएफसी ने पाक को किया ऋण मंजूर

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। 'रेको दिक' परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

No.02-08/CW/2025-26/Tr No.-2677-2687/1221 Raipur Dt.30.05.2025

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 3. Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project **office/ contractors section** to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender. **4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Completi on period | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no - 2677 RFx-8100043590 | Providing new 33 KV separate Koma -Basin feeder from 33/11 KV S/s Proposed at Polkara under Fingeshwar Sub/Dn. Of O&M Dn.N-Rajim. | 4853510.00 | 04 months | Class I & II | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 2 | Tr.no - 2678 RFx-8100043592 | External electrification of 2784 Quarters at Ward no. 31 Dadarkhurd for "Pradhanmantri Awas Yojna" under Pondimar Zone of City Dn. CSPDCL, Korba. | 21394218.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 3 | Tr.no - 2679 RFx-8100043593 | Installation of new 33/11 KV 3.15 MVA Sub-Station at Village- Kaliba Under Kunkuri D/C of (O&M) Dn. CSPDCL Jashpur. | 14942227.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 4 | Tr.no -2680 RFx-8100043595 | New 33 KV feeder from 132 KV Sarona Substation to 33/11 KV Tatibandh Substation under City Dn. (North) CSPDCL Raipur and providing additional 33 KV Bay 02 no. with 1 no. 33 KV VCB at 2x5 MVA 33/11 KV Tatibandh S/s under City Dn. (North) CSPDCL Raipur. | 3884261.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 5 | Tr.no - 2681 RFx-8100043596 | Bifurcation of 11 KV Nimora line under EE (O&M) Dn. Siltara. | 3261231.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 6 | Tr.no - 2682 RFx-8100043598 | Bifurcation of 11 KV Taada line under EE (O&M) Dn. Siltara. | 2230468.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 7 | Tr.no - 2683 RFx-8100043599 | Bifurcation of 11 KV Arvind line under EE (O&M) Dn. Siltara. | 2230468.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 8 | Tr.no - 2684 RFx-8100043601 | Dog to Panther conductor augmentation of 33 KV Balaji and Alankar feeder under Zone City Dn. (North) CSPDCL, Raipur. | 13440591.00 | 04 months | Class I & II | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 9 | Tr.no - 2685 RFx-8100043602 | Augmentation of conductor of 33KV NCDC & Budhwari feeder under Tulsinagar zone of City Dn. CSPDCL, Korba. | 2654940.00 | 04 months | Class I & II | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 10 | Tr.no - 2686 RFx-8100043603 | Interlinking of 11 KV HTPP feeder (33/11 KV HTPP s/s) and 11 KV Balgi feeder (33/11 KV Indranager S/S) & Interlinking of 11 KV feeder (33/11 KV HTPP s/s) and 11 KV Balgi feeder (33/11 KV Indranager S/S) under Darri Zone of City Dn. Korba. | 4474708.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 25.06.2025 |
| 11 | Tr.no - 2687 RFx-8100043604 | Replacement of 03 Nos. 11KV Control Panel & 11KV bus bar damaged due to caught fire at 33/11KV S/s Sector-29 on dt.18.11.2024 at 20:50PM under Naya Raipur S/Dn. of (O&M) Dn. Atal Nagar. | 3293199.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 25.06.2025 |

SAVE ELECTRICITY

**Addl. Chief Engineer (P-I)**
**O/o CHIEF ENGINEER (PROJECT) CSPDCL:RAIPUR**

# एमएलसी : एलन ने मचाई तबाही, वर्ल्ड रिकॉर्ड 19 छक्के ठोक बनाए सबसे तेज 150 रन

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के स्टार ओपनर फिन एलन ने मेजर क्रिकेट लीग 2025 के ओपनिंग मैच में तबाही मचाई। उन्होंने 34 गेंदों में शतक ठोक हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे तेज शतक है। उनकी इस धुआंधार पारी के दम पर सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स निर्धारित 20 ओवर में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 269 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। एलन ने 51 गेंदों पर 5 चौके और 19 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। फिन एलन के नाम इसी के साथ एक पारी में सर्वाधिक 19 छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था जिन्होंने एक पारी में 18-18 छक्के जड़े थे।



### टी20 में सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 27 | साहिल चौहान | एस्टोनिया |
| 33 | जान निकोल | नामीबिया |
| 33 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे |
| 34 | कुशाल मल्ला | नेपाल |
| 34 | फिन एलन | न्यूजीलैंड |
| 35 | रोहित शर्मा | भारत |

### जड़ा सबसे तेज शतक

एलन के नाम अब एमएलसी के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन को पछाड़ा है। पूरन ने इस टूर्नामेंट में 40 गेंदों पर सेंचुरी जड़ी थी। एलन अंततः 51 गेंदों पर 151 रन बनाकर मिशेल ओवेन की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट हुए। एलन ने 49 गेंदों पर 150 रन पूरे किए और वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले भी प्लेयर बन गए हैं।

### लीग का सबसे बड़ा स्कोर

फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ पारी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में 269 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो एमएलसी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। एलन के अलावा संजय कृष्णमूर्ति और हसन खान ने भी अहम भूमिका निभाई और 180 और 211.11 की स्ट्राइक रेट से क्रमशः 36 और 38 रन बनाए। जवाब में वाशिंगटन की टीम 13.1 ओर में 146 रन पर आलआउट हो गई।

## वनडे : नीदरलैंड ने हासिल किया इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, मैक्स ओ डोड ने बनाए नाबाद 158 रन



डंडी। सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### नीदरलैंड का सबसे बड़ा रन चेज

स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुंसे ने 150 गेंदों पर 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है।

### वनडे में सफल रन चेज

| टीम | लक्ष्य | बनाम | हासिल स्कोर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 435 | ऑस्ट्रेलिया | 438/9 | 2006 |
| द.अफ्रीका | 372 | ऑस्ट्रेलिया | 372/6 | 2016 |
| नीदरलैंड्स | 370 | स्कॉटलैंड | 373/6 | 2025 |
| इंग्लैंड | 361 | वेस्टइंडीज | 364/4 | 2019 |
| भारत | 360 | ऑस्ट्रेलिया | 362/1 | 2013 |

## फाइनल : जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम

# दक्षिण अफ्रीका डब्लूटीसी खिताब से 69 रन दूर, मारक्रम का नाबाद शतक

एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अपने दूसरे आईसीसी खिताब से सिर्फ 69 रन दूर है। इससे पहले अफ्रीकी टीम ने एकमात्र चैंपियंस ट्रॉफी ही जीती है। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे है।

सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम ने नाबाद 102 की शतकीय पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी भी की। ऑस्ट्रेलिया के चारों मुख्य गेंदबाजों के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1500 से ज्यादा विकेट है लेकिन मिचेल स्टार्क (दो विकेट) के अलावा किसी को भी सफलता नहीं मिली। इस मैच के शुरुआती दो दिन 14-14 विकेट गिरे थे लेकिन तीसरे दिन परिस्थितियां बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई जिसका दक्षिण अफ्रीका ने पूरा फायदा उठाया। मारक्रम ने स्टंप्स होने से कुछ समय पहले जोश हेजलवुड के खिलाफ चौका लगाकर टेस्ट कॅरियर का आठवां और शायद सबसे अहम शतक लगाया।



### स्टार्क का 9वें नंबर पर रिकार्ड 11वां अर्धशतक

स्टार्क 136 गेंद में पांच चौके की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। स्टार्क का यह टेस्ट कॅरियर का 11वां अर्धशतक रहा। स्टार्क ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की, फिर लियोन के साथ नौवें विकेट के लिए 14 रन की और फिर हेजलवुड के साथ आखिरी विकेट के लिए 135 गेंद में 59 रन की साझेदारी निभाई। अब तक केवल दो बल्लेबाजों ने एक ही देश में टेस्ट मैचों में नंबर नौ या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए पांच बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। इनमें स्टुअर्ट ब्रॉड और स्टार्क शामिल हैं। दोनों ने ही इंग्लैंड में ऐसा किया है।



### काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे खिलाड़ी

अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए काली पट्टी बांधकर उतरे। बता दें कि, गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ हुआ था। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हो गई। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी।

### स्मिथ छोटी उंगली टूटने के कारण बाहर

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शुक्रवार को दाईं छोटी उंगली टूटने के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गए। स्मिथ को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा के बल्ले का किनारा लेकर निकली गेंद को पकड़ने की कोशिश में पहली स्लिप में चोट लगी। इस मैच में कई मौके पर गेंद स्लिप में खड़े क्षेत्ररक्षक तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा जा रही थी। स्मिथ ऐसे में हेलमेट पहनकर विकेट से महज 14 मीटर की दूरी पर खड़े थे। मिशेल स्टार्क की 138 किलोमीटर प्रति घंटे की शॉर्ट गेंद फेंकी जो बाउमा के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए तेजी से स्मिथ के पास पहुंची। गेंद उनके हाथ से टकरा कर छटक गई और वह दर्द में कराहते हुए दिखे। मैदान पर चिकित्सा मिलने के बाद वह बाहर जाते दिखे।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण

**बेकेनहैम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं। नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था।

### मां के बीमार होने के कारण लौटे गंभीर

**बेकेनहैम।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने परिवार में आपात स्थिति के कारण शुक्रवार को स्वदेश लौट गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गंभीर को अपनी मां से मिलने के लिए वापस जाना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा, 'हां। वह पारिवारिक आपातस्थिति के कारण भारत वापस लौट गए हैं।'



### एक्लेस्टोन की इंग्लैंड की टी20 टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 श्रृंखला के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।



### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज होगा प्रो लीग मुकाबला

**एंटवर्प।** लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी।

## निशानेबाज

### सुरुचि की वर्ल्ड कप में गोल्डन हैट्रिक फाइनल में हासिल किए 241.9 अंक



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

### निकितेंको को हराकर अभिजीत ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने शुक्रवार को यहां बेलारूस के मिहेल निकितेंको पर नौवें दौर में शानदार जीत के बाद दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में एकल बढ़त हासिल कर ली। गुप्ता नौवें दौर के बाद आठ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में गुप्ता अब जीत के दावेदार होंगे। इस मुकाबले से पहले गुप्ता और निकितेंको संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। सफेद मोहरों से खलते हुए भारतीय खिलाड़ी को बेलारूस के खिलाड़ी को शिकस्त देने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। जीएम आदित्य एस सामंत ने भी बेलारूस के जीएम अलेक्सेज अलेक्सांद्रोव पर अहम जीत दर्ज की, जिससे उनके अंक 7.5 हो गए।

## छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग

### राजनांदगांव पैंथर्स की धमाकेदार जीत बस्तर बायसंस को 10 विकेट से रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में शुक्रवार को राजनांदगांव पैंथर्स ने बस्तर बायसंस को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

बस्तर बायसंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 141 रन बनाए। टीम की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने 18 गेंदों में 25 रन, जबकि राहुल प्रधान ने 24 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में राजनांदगांव की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट, जबकि जिवेश भुटे ने 2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स की टीम ने 13.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 142 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। टीम की ओर से आशीष डहरिया ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों में 82 रन नाबाद, जबकि कप्तान अजय मंडल ने 60 रन की नाबाद की शानदार पारी खेली। इस जीत के साथ राजनांदगांव पैंथर्स ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

### रायगढ़ लायंस की रोमांचक जीत

दूसरे मैच में रायगढ़ लायंस ने सरगुजा टाइगर्स को 1 रन से रोमांचक मुकाबले में मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ लायंस ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन बनाए। टीम की ओर से आदित्य सिंह ने 55 रन और ऋषभ तिवारी ने 43 रन की अहम पारियां खेलीं। जवाब में सरगुजा टायगर्स की टीम 20 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। सरगुजा की ओर से आशुतोष सिंह ने 39 और आनंद राव ने 29 रन बनाए। रायगढ़ की ओर से लव्यम राजपूत और आयुष ठाकुर ने 2-2 विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की।

## छग टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा

# क्लास का नहीं अब मास का खेल बन गया है टेनिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एशियाई रैंकिंग जूनियर अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को इंटरनेशनल टेनिस अकादमी में खेला गया। फाइनल मुकाबले में उभरते हुए सितारों ने शानदार खेल दिखाया, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। देशभर से आए खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी और महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ ने किया था, जिसका समर्थन छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने किया। वहीं आयोजन ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन व एशियाई टेनिस महासंघ की देखरेख में किया गया। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी और मानद सचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष जीएस बांबरा, उपाध्यक्ष सुशील बलानी, उपाध्यक्ष राजेश पाटिल, कार्यकारिणी सदस्य हेनरी सैंटियागो सहित एटीएफ पर्यवेक्षक प्रबीन कुमार नायक भी मौजूद रहे।



### आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा

इस मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि रायपुर की इंटरनेशनल टेनिस अकादमी छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर रही हैं। टेनिस अब क्लास का नहीं, मास का खेल बन गया है। छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति को मजबूती देने का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शिता और समर्पण को जाता है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में खेल अधोसंरचना को नया आयाम मिला है। रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी जैसी विश्वस्तरीय सुविधा युवाओं को न केवल अवसर देती है, बल्कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने के लिए आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। डॉ. द्विवेदी ने कहा, यह आयोजन युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जिससे वे अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ आगे बढ़ सकते हैं। एशियाई रैंकिंग जूनियर अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 2025 के सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा आयोजन की सराहना करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

### फाइनल मुकाबलों के नतीजे

**बालक एकल चैंपियन :** साक्षम भाषालि ने अथाय राजप्रकाश को 6-0, 6-1 से हराकर जीता।

**बालिका एकल चैंपियन :** सन्मिथा हरिनी लोकेश ने व्रंडिका भगवंत राजपूत को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर जीता।

**बालक युगल चैंपियन :** साक्षम भाषालि व शारदुल खवाले ने अपूर्व जैन व रक्षन बजाज की जोड़ी को 6-3, 6-2 से हराकर जीता।

**बालिका युगल चैंपियन:** सन्मिथा हरिनी लोकेश व व्रंडिका भगवंत राजपूत ने अविशी शर्मा व कीर्थना रंगिनेनि की जोड़ी को 5-7, 7-6(3), 10-7 से हराकर जीता।

# मराठा रॉयल्स ने जीता मुंबई लीग का खिताब



**मुंबई।** मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने शुक्रवार को फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

**अचल संपति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8(6) के तहत विक्रय किया जाना है।**

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **''जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है''** के आधार पर दिनांक **15.07.2025** समय **(प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रु.) | आरक्षित मूल्य अगानत राशि बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | महेंद्र सिंह चौहान. शाखाः महाराजा चौक, दुर्ग. | स्वामित्व- महेंद्र सिंह चौहान, मौजा- कुरुद, वार्ड नं. 16, सुंदर विहार, प्लॉट नं. 7बी, पीसी नं. 14/19, आरआईसी- दुर्ग, तहसील- दुर्ग। क्षेत्रफल 770 वर्ग फीट। | ₹ 22,59,095.91 + 01.01.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 27.00 lacs<br>₹ 2.70 lacs<br>₹ 0.30 lacs |
| 02 | श्री कुंजलाल साहू पुत्र श्री सोनसाय साहू एवं श्री ईश्वर लाल साहू पुत्र श्री कुंजलाल साहू. शाखाः राजनांदगांव मुख्य | खसरा नं. 431/1, प.ह.नं. 25, ग्राम- मोहबा, आरएनएम- खैरझिटी, तहसील व जिलाः राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल 2583.34 वर्गफीट में स्थित आवासीय संपत्ति। | ₹ 8,71,376.93 + 22.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 18.00 lacs<br>₹ 1.80 lacs<br>₹ 0.20 lacs |

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।

**ई-नीलामी की तिथि व समयः 15.07.2025, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।**

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट http://www.baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करेंः **क्र. 01 के लिएः शिल्पा खुराना/मोबा. 9755554335, नं. 02 के लिएः श्री उमेश गनवीर/मोबा. 9009550765.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 13.06.2025, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com